26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : गुरुवार, 23 जुलाई , 2026


अंक- 269 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# जंतर-मंतर पर डटे छात्र...

## संसद के बाहर एनडीए-इंडिया ब्लॉक के सांसद आमने-सामने

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )**। दिल्ली में 'कॉकरोच जनता पार्टी' के बैनर तले जंतर-मंतर पर छात्रों का आंदोलन जारी है। 20 जुलाई को 'चलो पार्लियामेंट' मार्च के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों में झड़प हुई, जिसमें दर्जनों लोग घायल हुए। सोनम वांगचुक की अस्पताल में भूख हड़ताल जारी है और शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। यह आंदोलन अब मुंबई, बेंगलुरु, कोलकाता, पटना से लेकर अन्य शहरों तक फैल चुका है। विपक्ष ने सरकार को घेरा है, जबकि भाजपा इसे राजनीति से प्रेरित बता रही है। उधर, संसद के मानसून सत्र के चौथे दिन आज संसद भवन परिसर में NDA और विपक्ष आमने-सामने आ गए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव समेत विपक्षी सांसदों ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इंडिया ब्लॉक के सांसदों के सामने NDA के सांसद भी विरोध प्रदर्शन में उतर गए। इस दौरान दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। NDA सांसदों ने पीएम आवास के बाहर 21 जुलाई को राहुल के धरने का विरोध कर रहे हैं।

Kunwar Satya Vira Degree College, Bijnor
KSVCEM BIJNOR — COLLEGE CODE-791
Affiliated To Guru Jambheshwar University, Moradabad
Courses Offered
- B.B.A
- B.Com (Hons.)
- B.Sc (Hons.) - Maths, Zoology, Botany / Chemistry
- B.Sc (Gen / PCM / ZBC)
- B.A (All Subjects)
Admission Open 2026-27
Computer Courses
- Basic Computer Courses
- MS Office, Photoshop, CCC
- 'O' & 'A' Level
- Web & Android Development
- Digital Marketing
- E-Commerce
Opposite Government Polytechnic College, Bairaj Road, Bijnor
+91 9411853446



आदर्श आयुर्वेदा
गुप्त रोग घबरायें नहीं उचित इलाज करवायें
धात, सैक्स, नामर्दी, शीघ्रपतन, बेऔलाद, शुक्राणु की कमी
जबर्दस्त मर्दाना ताकत प्राप्त करें।
गठिया, बाय, जोड़ों व घुटनों के पुराने दर्द का आयुर्वेद दवाइयों द्वारा सफल इलाज।
पता- बैराज रोड, निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बिजनौर
मो. 7017484725 बुधवार पूर्ण अवकाश



Requirement
A Full time/Part time Pathologist (MBBS M.D Path) required. Intersted candidates contact in following number
Contact no. 9897789516

आवश्यकता है
मंगला हास्पिटल में कार्य करने हेतु प्रशिक्षित एवं अनुभवी Nursing Staff की ( Male/Female )
वेतन योग्यता अनुसार
मंगला हॉस्पिटल
शक्ति चौक, बिजनौर
संपर्क : सवेरे 11बजे से सायं 4 बजे तक

KUNWAR SATYAVIRA COLLEGE OF ENGINEERING & MANAGEMENT
27 years of Excellence
• Approved by AICTE, New Delhi • Affiliated to Dr. A.P.J. Abdul Kalam Technical University, Lucknow
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2026-27
COURSES OFFERED
B.TECH. (BIO-TECH | CE | CSE | ECE | EE | ME)
SPECIALIZATION:
Artificial Intelligence & Machine Learning
Data Science & Inrenet of Things (IoT)
Green Technology & Sustainability Engineering
Robotics & Electric Vehicles
M.B.A. (FINANCE | HRM | IB | IT | OM | MARKETING)
BBA BCA
Heartiest Congratulations
PRANAV MALIK
B.TECH (CSE) Batch 2022-2026
PLACED IN tcs TATA CONSULTANCY SERVICES
PACKAGE LPA - 7.09
EXCELLENT ACADEMICS | EXPERIENCED FACULTY | MODERN LABS & INFRASTRUCTURE | INDUSTRY INTERFACE | HIGH PLACEMENT OPPORTUNITIES
CAMPUS: Bijnor City, Bijnor (U.P.) India
8191002009, 8191004009
EMAIL: admission@ksvira.edu.in
WEBSITE: ksvira.edu.in



SB COLLEGE
SBC
NIOS (Ministry of Education, Govt. of India)
DNYS (2½ Years)
G.J.U. , MORADABAD
BA LLB (5 Years)
LLB (3 Years)
ADMISSION OPEN
100% SCHOLARSHIP
6 KM Mile Stone, Bijnor- Noorpur Road, Near Dharampura, Bijnor- 246728 (U.P.)
7251999223, 9711144628, 7251999225



# पुलिस घर पर चौकसी करती रही, मनोज पारस रामपुर पहुंच गये

## पुलिस को चकमा देकर रामपुर पहुंचने में कामयाब हुए विधायक मनोज पारस



**पुलिस को चकमा देकर रामपुर पहुंचने में कामयाब हुए विधायक मनोज पारस अन्य नेताओं के साथ बैठे नजर आए।**

**नगीना ( चिंगारी )।** स्थानीय विधायक मनोज पारस पुलिस को चकमा देकर बृहस्पतिवार की सुबह रामपुर पहुंचने में सफल हो गए। दूसरी तरफ सीओ राजेश सिंह सोलंकी व थाना अध्यक्ष विकास कुमार पुलिस बल के साथ विधायक के कैंप कार्यालय में चौकसी करते रहे। विधायक मनोज पारस का दावा है कि रात्रि में ही घर के बाहर पुलिस की मौजूदगी देखकर वह बुधवार की रात ही रामपुर के लिए निकल गए थे। रामपुर में स्थित मौलाना मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय मामले में सपा हाईकमान द्वारा एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल का गठन कर उसे 23 जुलाई को रामपुर भेजने का निर्णय लिया था। प्रतिनिधिमंडल में नगीना विधायक मनोज पारस का नाम भी शामिल था। विधायक मनोज पारस रामपुर न जा पाएं, इसके लिए प्रशासन ने कल देर शाम से विधायक के अंबेडकर नगर कॉलोनी स्थित आवास व कैंप कार्यालय के बाहर पुलिस बल तैनात कर दिया था। सीओ राजेश सिंह सोलंकी व थाना प्रभारी विकास कुमार आज सुबह से ही विधायक मनोज पारस के आवास के कैंप कार्यालय पर आकर बैठ गए। उधर विधायक मनोज पारस ने मोबाइल पर बताया कि बुधवार को वह गांवों में पार्टी की पीडीए पंचायतों को करने के बाद रात करीब 11 बजे अपनी गाड़ियों के काफिले के साथ घर लौटे थे। कुछ गाड़ियां अंदर चली गईं और वह अंतिम गाड़ी में सवार थे। घर के बाहर सड़क पर पुलिस बल को देखकर वह प्रशासन की मंशा समझ गए थे। पुलिस भी आगे वाली दोनों गाड़ियों में उनकी मौजूदगी को मानते हुए अंदर कैंप कार्यालय पर चली गई और वह अपनी गाड़ी से रामपुर के लिए रवाना हो गए।

## पुलिस ने स्वामी ओमवेश को डिटेन किया




**चांदपुर ( चिंगारी )।** प्रशासन ने विधायक स्वामी ओमवेश व अन्य समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं को रामपुर जाने से रोक दिया तथा उनको डिटेन कर डाक-बंगले ले गए। इस अवसर पर विधायक स्वामी ओमवेश के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने मोलाना मुहम्मद अली जोहर विश्वविद्यालय रामपुर के ध्वस्तीकरण पर रोक लगाये जाने के लिए जिलाधिकारी रामपुर के नाम उपजिलाधिकारी चांदपुर को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में कहा गया है कि विश्वविद्यालय के ध्वस्तीकरण के आदेश जिलाधिकारी रामपुर ने दिये हैं। विश्वविद्यालय की इमारत पर बुलडोजर चलाये जाना देश के शैक्षिक ढांचे और शिक्षा के अधिकार की संवैधानिक भावना के विपरीत है,यह कदम समाज के गरीब, पिछड़े, अल्पसंख्यक व दलित वर्गो को शिक्षा से वंचित करने जैसा है। ज्ञापन देने वालों में समाजवादी पार्टी के चांदपुर विधानसभा अध्यक्ष चौधरी संसार सिंह, नगर अध्यक्ष नाजिम खान, डा. लाखन सिंह पाल, मोहसिन अंसारी, मौ. यूनुस ताऊ, शेख रईस अहमद, मोमिन खान, उस्मान अल्वी, बहार आलम, नईम अहमद, चौधरी ब्रह्मपाल सिंह, संजय यादव, कैसर अली, अफजल अज्जू आदि कार्यकर्ता शामिल थे।

## निशा रानी को मिली विद्या वाचस्पति की उपाधि



**बिजनौर ( चिंगारी )।** जनपद के ग्राम मोरना के किसान परिवार से स्वर्गीय दुष्यंत कुमार की सुपुत्री निशा रानी को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के 38वें दीक्षांत समारोह में विद्या वाचस्पति की उपाधि प्रदान कर सम्मानित किया गया। भारतीय समकालीन कला में लैंगिक असमानता उत्तर प्रदेश के संदर्भ में विषय पर शोध कार्य प्रो. वंदना वर्मा विभागाध्यक्ष चित्रकला विभाग जैन कन्या पाठशाला पी.जी. कॉलेज मुजफ्फरनगर के कुशल निर्देशन में सफलतापूर्वक पूर्ण किया। बचपन से ही निशा को चित्रकारी का शौक था। चित्रकला को ही उन्होंने मुख्य विषय बनाकर उपलब्धि प्राप्त की। प्राथमिक शिक्षा मोरना के प्राइमरी स्कूल से प्राप्त करने के बाद इंटरमीडिएट की पढ़ाई देवता इण्टर कॉलेज मोरना से और ग्रेजुएशन की पढ़ाई देवता महाविद्यालय मोरना और ड्राइंग और पेंटिंग में स्नाकोत्तर और टैक्सटाइल डिजाइन की पढ़ाई आर.बी.डी. पी.जी. कॉलेज बिजनौर से पूर्ण की। 2016 में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की पीएचडी की प्रवेश परीक्षा पास की। 2017 में पीएचडी कोर्स वर्क की परीक्षा पास की। 2016 में टी.जी.टी. कला की परीक्षा पास की। वर्तमान में निशा रानी जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान इस्माईलपुर, बिजनौर में कला प्रवक्ता के पद पर कार्यरत हैं और जनपद के सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को कला और संस्कृति से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान कर रही है। बिजनौर जिला प्रशासन की ओर से चलाए गए स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मिशन शक्ति जैसे कार्यक्रमों में भी उन्होंने चित्रकला के माध्यम से अपनी सेवाएं प्रदान कीं, जिसके लिए 2018 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ में सम्मानित भी किया गया।




## वरिष्ठ अधिवक्ता राधेश्याम चिकारा की धर्मपत्नी का निधन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिला बार एसोसिएशन बिजनौर के वरिष्ठ अधिवक्ता राधेश्याम चिकारा की धर्मपत्नी श्रीमती सर्वेश देवी का हृदयाघात से निधन हो गया। वे 67वर्ष की थीं। उनके निधन की खबर सुनकर अधिवक्ताओं में शोक छा गया तथा शोक स्वरूप अधिवक्त गुरूवार को न्यायिक कार्यों से विरत रहे। आदर्श नगर बिजनौर निवासी श्रीमती सर्वेश देवी अपने पुत्र के पास गाजियाबाद गई थीं, जहां उन्हें हृदयाघात हुआ। एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान बुधवार की रात्रि उनका निधन हो गया। उनका पार्थिव शरीर गाजियाबाद से गुरुवार की प्रात: बिजनौर उनके निवास पर लाया गया, जहां अधिवक्ताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा गन्यमान्य लोगों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। दोपहर एक बजे मध्य गंगा बैराज घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। मूलत: ग्राम माढ़ी (हल्दौर )निवासी महिला आर्य समाज बिजनौर की पूर्व अध्यक्ष श्री सर्वेश देवी मिलनसार, सौम्य, धार्मिक तथा सौम्य स्वभाव की महिला थीं। उनके निधन पर जिला बार एसोसिएशन बिजनौर की शोक सभा अध्यक्ष चौधरी राजेंद्र कुमार की अध्यक्षता तथा महासचिव मनोज कुमार शेट्टी के संचालन में हुई, जिसमें अधिवक्ताओं ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। चिंगारी परिवार की ओर से हार्दिक शोक संवेदनाएं!

धमाका धमाका धमाका

पुरानी के बदले नयी केवल आधे पैसों में

कोई भी कान की पुरानी मशीन

कमर की कोई भी पुरानी बैल्ट
( दर्द के लिए या ऑप्रेशन के बाद )

कोई भी Knee Cap
( घुटनों पर चढ़ाने वाली पट्टी )

**कोई भी शुगर चैक करने की पुरानी मशीन लायें और नई ले जायें**

हमारें यहाँ बड़े व्यक्तियों के लिए डायपर (Adult Diapper) लेटरिन कुर्सी, स्टूल व पोट, यूरिन पोट, व्हील चेयर, बैसाखी, वॉकर, सिकाई करने वाली बोतल, गरम पट्टी (Crape Bandage), Knee Cap, बेल्ट कमर दर्द के लिए, कॉलर, गले के लिए, Dextrose की बोतल, ऑप्रेशन के बाद बंधने वाली बेल्ट, हरनिया बेल्ट, Anti Dandruff Shampoo, Hand Sanitizer, हाथ धोने के लिए (Cotton, Bandage, Glycerin), मरीजों के लिए (Air Bed, Water Bed) आदि सभी सर्जिकल सामान थोक के उचित मूल्यों पर मिलते है। **पुरानी मशीन की रिपेयर भी होती है।**

**गोयल मेडिकल स्टोर**

नवयुग मार्केट, निकट रोहित होटल, बिजनौर

फोन - 9411012482, 8273387326

**नौकरी के लिये युवक-युवतियां सम्पर्क करें।**

# आयकर विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर 30 लाख हड़पे, एक गिरफ्तार

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** तीन युवकों की आयकर विभाग में नौकरी लगवाने के नाम पर 30 लाख रूपये हड़पने और उन्हें कूटरचित, फर्जी पोस्टिंग लैटर थमाने वाले आरोपियों में से एक को पुलिस ने गिरफ्तार करके न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। उक्त प्रकरण में सीजेएम कोर्ट बिजनौर के आदेश पर नांगल पुलिस ने 6 व्यक्तियों के विरुद्ध दिसंबर, 2025 में मुकदमा दर्ज किया था।

नांगल थानांतर्गत ग्राम शेरपुर अभि उर्फ अभिपुरा निवासी ब्रजवीर सिंह पुत्र वीर सिंह ने पिछले वर्ष न्यायालय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बिजनौर को अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिये प्रार्थना-पत्र में कहा था कि दो सगे भाइयों विन्टू व अर्जुन का उनके घर पर आना-जाना था। उन्होंने लाखन, रामस्वरूप, सुनीता ( सगे भाई-बहिन) तथा हरेन्द्र (इन तीनों को जीजा) से मिलवाते हुए कहा था कि ये इनकमटैक्स में बड़े अधिकारी हैं। आयकर विभाग में आपके बच्चों की भी नौकरी लगवा देंगे। सुशांत पुत्र ब्रजवीर सिंह निवासी ग्राम शेरपुर अभि उर्फ अभिपुरा थाना नांगल तथा हितेश पुत्र कोमल, दीप पुत्र प्रदीप निवासीगण निजामपुरा थाना कोतवाली शहर की नौकरी लगवाने के नाम पर आईटीओ दिल्ली में उनकी फर्जी परीक्षा अलग-अलग दिन दिलाकर उन्हें वापस भेज दिया था। बाद में फर्जी प्रशिक्षण कराया और कूटरचित फर्जी पोस्टिंग लेटर लिफाफे में बंद करके दे दिये थे।

आरोप है कि जालसाजों ने उन्हें कूटरचित फर्जी पोस्टिंग लैटर थमाकर उनसे 30 लाख रूपये ठग लिये। सीजेएम कोर्ट के आदेश पर नांगल पुलिस ने दिसंबर, 2025 में लाखन कुंतल व रामस्वरूप पुत्रगण रूपराम , सुनीता पुत्री रूपराम निवासीगण नंगला दबदा, पो. फोन्डर, मगोर्रा, मथुरा, उ. प्र., हरेन्द्र पुत्र रणवीर निवासी नारौल, पो. जैंगार, कागारौल, पश्चिमी कमिश्नरेट आगरा तथा विन्टू व अर्जुन पुत्रगण सुरेश निवासी महमूदपुर, परगना दारानगर, चांदपुर (बिजनौर) के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया था। थानाध्यक्ष अनू कुमारी ने बताया कि नामजद आरोपी लाखन कुंतल उपरोक्त को कल शाम चंदक रेलवे क्रॉसिंग के पास से गिरफ्तार कर लिया गया है। आज उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

TATA MOTORS
COMMERCIAL VEHICLES
Better Always
TATA
INTRA V30 GOLD PICKUP


APPLY FOR VACANCY

| | |
|---|---|
| - Sales Executives | : 2 (Bijnor, Dhampur) |
| - Receptionist (Female) | : 1 (Bijnor) |
| - Mechanic / Electrician | : 2 (Bijnor) |
| - Cashier | : 1 (Bijnor) |

Contact - hr.cnsmotors@gmail.com, Ph: 7055501562

CNS Motors Pvt. Ltd. (TATA Motors CV Dealer)
Address: NH-119, Kiratpur Road, Pedda, Bijnor
Branches: Najibabad, Dhampur, Joya (Amroha)
Phone : 8484932387, 8476001007

## शोरूम से घर लौट रहे युवक को हमला कर घायल किया

**धामपुर ( चिंगारी )।** नौकरी से वापस अपने घर गांव चकशहजानी लौट रहे एक युवक पर चार अज्ञात लोगों ने रास्ते में घेरकर लाठी-डंडों एवं धारदार हथियार से बेरहमी से हमला कर घायल कर दिया।

पीड़ित का आरोप है कि हमलावरों ने मारपीट के दौरान जातिसूचक शब्दों का भी प्रयोग किया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दे दी है। हमले में युवक के सिर पर गंभीर चोट आई है। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। थाना क्षेत्र के गांव नंगली लाडन निवासी विवेक कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पिछले करीब 11 वर्षों से नहटौर रोड स्थित एक शोरूम में कार्यरत है। पीड़ित ने बताया कि 21 जुलाई की शाम करीब साढ़े सात बजे वह अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान चकशहजानी गांव के पास चार अज्ञात लोगों ने उसे रोक लिया। आरोप है कि हमलावरों ने लाठी-डंडों तथा धारदार हथियारों से हमला कर उसे घायल कर दिया। हमले में उसके सिर में गंभीर चोटें आईं। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## एस.एम. गुडविल एकेडमी में हुई मैंगो एक्टिविटी



**शेरकोट ( चिंगारी )।** नगर के एस.एम. गुडविल एकेडमी में आयोजित फलों के राजा आम पर आधारित 'मैंगो एक्टिविटी' में नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राओं ने आम की आकर्षक थीम पर मन मोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बुधवार को आयोजित हुए कार्यक्रम में अध्यापिका हिना ने बच्चों को आम के महत्व और लाभ के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा आम गर्मियों के मौसम का खास फल है और इसे सब फलों के राजा के रूप में भी जाना जाता है। उन्होंने बच्चों को विभिन्न किस्मों के आम के बारे में सरल एवं रोचक जानकारियां दीं। कार्यक्रम में बच्चों ने आम से जुड़े रचनात्मक खेलों में भागीदारी की और आम के स्वाद का आनंद भी लिया। इस मौके पर स्कूल प्रबंधक अनामिका जैन ने कहा कि बच्चों के विकास और ज्ञान बढ़ाने में ऐसी गतिविधियां सहायक होती हैं। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य हिमांशु कुमार, हिना, फरहाना, फरजाना, सुमित्रा, शगुफ्ता एवं नाजरीन आदि स्टाफ और बच्चे मौजूद रहे।



कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

भली लगे या बुरी...

## कैसे ख़त्म हो ?

देश में नौकरशाही और राजनेताओं का भ्रष्टाचार इतना संगठित है कि उसे खत्म करना दिवास्वप्न सरीखा है। यह सच है कि बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार करने वाला राजनेता/नौकरशाह यदि पहुंच वाला है तो किसी न किसी बहाने सजा से प्राय: बच ही जाता है। कुछ समय तक कानूनी कार्रवाई चलती है और फिर कब किसी न किसी बहाने ठप हो जाती है, कोई नहीं जानता। जाहिर है कि असली सवाल इच्छाशक्ति और ईमानदारी का है, जिसका आज भी हमारे तंत्र में अभाव है। इसी के चलते ऐसे मामलों की कमी नहीं है, जब खुद जनता ने ही बड़े अधिकारियों के भ्रष्टाचार पर सिर्फ इसलिए खामोशी अख्तियार कर ली क्योंकि उसके बीच यह मानसिकता घर कर चुकी है कि बड़े अधिकारी/राजनेता कुछ भी करते रहें, कानून उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकता। जिन मामलों में कुछ राजनेता या नौकरशाह जांच के घेरे में आते भी हैं, उनसे सम्बन्धित मामले सजा देने और भुगतने तक कितना परवान चढ़ते हैं, यह शोध का विषय हो सकता है। भ्रष्टाचार देश की सर्वप्रमुख समस्याओं में से एक है और यह एक कड़वी सच्चाई है कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का दूसरा कार्यकाल इसके लिए विशेष रूप से चर्चित रहा है। कॉमनवेल्थ खेल घोटाला रहा हो या टू-जी स्पेक्ट्रम घोटाला, आदर्श सोसाइटी घोटाला रहा हो या ऐसे ही अनेकानेक अन्य घोटाले, इनकी जांच जिस कच्छप गति से आगे बढ़ी, उसके चलते शायद ही कभी पूरी हो सके। यह सही है कि इन मामलों में कुछ नौकरशाह और राजनेताओं के खिलाफ कार्यवाही हुई, परन्तु वह सजाओं में कब बदलेगी, कोई नहीं जानता। अधिकतर अपराधी आज भी कानून की जद से बाहर हैं। यह भी सही है कि अपने शासनकाल के आखिरी वक्त में तत्कालीन मनमोहन सरकार ने लोकपाल बिल सहित कई कानून पास किये। पिछले दिनों काले धन से सम्बन्धित कई ऐसे नाम भी केन्द्र सरकार ने सुप्रीम अदालत को सौंपे, जिनका अकूत पैसा विदेशी बैंकों में जमा है, मगर इन जैसे कदमों पर भी पूरी तरह से विश्वास नहीं किया जा सकता। आखिरी वक्त में हड़बड़ाहट में यह कदम तभी उठाये गये, जब विपक्ष वर्तमान केन्द्र सरकार को भ्रष्टाचार के सवाल पर कटघरे में खड़ा करने में सफल रहा।

# सत्ता का नशा और सिमटती संवेदनाएं!

**-दिगंबर सिंह**



**लोकतंत्र की सबसे बड़ी विडंबना यही है कि जिस जनता की उंगली पर लगी स्याही सत्ता का भाग्य लिखती है, उसी जनता की आवाज़ कई बार सत्ता के गलियारों तक पहुंचते-पहुंचते शोर समझ ली जाती है। कुर्सी पर बैठते ही संवेदनाएं अक्सर सत्ता की मजबूरियों में बदल जाती हैं और संवाद की जगह शक्ति प्रदर्शन लेने लगता है।**

> जिस दिन भारत का मतदाता यह समझ जाएगा कि सरकारें उसकी कृपा से बनती हैं, किसी दल की कृपा से नहीं, उसी दिन सत्ता का नशा उतरना शुरू हो जाएगा। तब शायद लोकतंत्र में लाठियों की जगह संवाद होगा, भय की जगह विश्वास होगा और शासन की पहचान शक्ति नहीं, संवेदनशीलता होगी। वही दिन भारत के लोकतंत्र की वास्तविक विजय का दिन होगा।

मैंने बसपा का शासन भी देखा है, समाजवादी पार्टी का शासन भी और भारतीय जनता पार्टी का शासन भी। इन तीनों दौरों में आंदोलनों पर लाठियां चलती देखी हैं। पहले के दौर में गोलियां चलतीं और लोगों की जान जाती भी देखी है। सरकारें बदलीं, चेहरे बदले, नारे बदले, लेकिन सत्ता का व्यवहार बहुत अधिक नहीं बदला। यही प्रश्न मन को बार-बार विचलित करता है-क्या लोकतंत्र में संवाद की संभावनाएं समाप्त हो गई हैं? क्या किसी भी असहमति का उत्तर केवल लाठी और बल प्रयोग ही है?



भारत का लोकतंत्र महात्मा गांधी की उस विरासत पर खड़ा है जिसने दुनिया को बताया कि संवाद, सत्य और अहिंसा किसी भी हथियार से अधिक शक्तिशाली हो सकते हैं। यह भी उतना ही सत्य है कि लोकतंत्र अराजकता का नाम नहीं है। किसी को संसद, विधानसभाओं, सार्वजनिक संस्थानों या किसी की निजी संपत्ति पर बलपूर्वक कब्ज़ा करने का अधिकार नहीं दिया जा सकता। कानून का सम्मान हर नागरिक का कर्तव्य है। किंतु उतना ही बड़ा दायित्व सत्ता का भी है कि वह कानून लागू करते समय संवेदनशीलता और संवाद का मार्ग न छोड़े।

भारतीय राजनीति का एक विचित्र चरित्र बन गया है। विपक्ष में रहते हुए हर राजनीतिक दल जनता के आंदोलनों को लोकतंत्र की आत्मा बताता है, लेकिन सत्ता में आते ही वही आंदोलन कानून-व्यवस्था की चुनौती दिखाई देने लगते हैं। कल जो लाठीचार्ज का विरोध कर रहे थे, आज वही लाठीचार्ज का औचित्य सिद्ध करते हैं। राजनीति का यह दोहरापन लोकतंत्र की सबसे बड़ी कमजोरी है।

आज छात्रों का आक्रोश हो, किसानों का आंदोलन हो, युवाओं की बेरोज़गारी हो या कर्मचारियों की माँगें—हर मुद्दे पर राजनीति पहले अवसर तलाशती है, समाधान बाद में खोजती है। सत्ता अपनी छवि बचाने में लगी रहती है और विपक्ष अपने वोट तलाशने में। इस खींचतान में सबसे अधिक उपेक्षित वह नागरिक होता है जिसने लोकतंत्र पर सबसे अधिक विश्वास किया था। लेकिन क्या केवल सत्ता ही दोषी है? शायद नहीं।


लोकतंत्र में सरकार, जनता का प्रतिबिंब होती है। यदि समाज जाति, धर्म, निजी लाभ और तात्कालिक स्वार्थ के आधार पर मतदान करेगा, तो राजनीति भी उसी दिशा में विकसित होगी। जब मतदाता जनप्रतिनिधि का मूल्यांकन उसके कार्यों, ईमानदारी, संवेदनशीलता और जवाबदेही से नहीं, बल्कि जातीय या धार्मिक पहचान से करेगा, तब लोकतंत्र का चरित्र भी वैसा ही बन जाएगा। वोट केवल सरकार बनाने का माध्यम नहीं है, बल्कि राजनीति का चरित्र तय करने का सबसे बड़ा साधन है। जिस दिन मतदाता अपने प्रतिनिधि का रिपोर्ट कार्ड देखकर मतदान करेगा, उस दिन राजनीतिक दल भी उम्मीदवार चुनते समय जातीय गणित नहीं, बल्कि योग्यता और जनसेवा को महत्व देने के लिए विवश होंगे।

हमें यह भी स्वीकार करना होगा कि जब तक समाज स्वयं राजनीतिक दलों या नेताओं का अंधभक्त बना रहेगा, तब तक सत्ता से निष्पक्ष व्यवहार की अपेक्षा अधूरी रहेगी। लोकतंत्र में नागरिक का स्थान समर्थक या विरोधी का नहीं, बल्कि सजग प्रहरी का होना चाहिए। लोकतंत्र तभी जीवित रहता है, जब जनता प्रश्न पूछती है, उत्तर मांगती है और हर सत्ता को समान कसौटी पर परखती है।

सत्ता का अहंकार और जनता की अंधभक्ति- दोनों लोकतंत्र के लिए समान रूप से घातक हैं। लोकतंत्र की रक्षा केवल संविधान नहीं करता, बल्कि जागरूक नागरिक करते हैं। इसलिए समय आ गया है कि हम दलों से पहले लोकतंत्र के प्रति, नेताओं से पहले राष्ट्र के प्रति और निजी स्वार्थ से पहले सामाजिक हित के प्रति अपनी प्रतिबद्धता तय करें।

**( आंदोलनकारी का चिंतन )**

# 'हर घर चरखा' एक अद्भुत पहल की है अवधेश पंत ने



अंग्रेज भारत पर राज करने नहीं, बल्कि व्यापार करने आए थे। लेकिन जब उनकी नज़र भारतवर्ष की अकूत संपति पर पड़ी तो उनके मन में भारत को लूटने की चाहत घर कर गई। अंग्रेजों की इस हकीकत को महात्मा गांधी ने समझा और उन्होंने स्वदेशी अपनाओ के माध्यम से उनकी रीढ़ पर अहिंसक हमला किया, उनके द्वारा स्वयं चरखा चलाकर सूत कातना और स्वदेशी वस्त्र धारण करने का आह्वान का असर पूरे देश पर हुआ और उनकी इस पहल से अंग्रेज तिलमिला गए थे। आज़ादी के आंदोलन में महात्मा गांधी अर्थात बापू की भूमिका को भारत ने ही नहीं, अपितु समस्त विश्व ने माना है। बापू ने दिखा दिया था कि आज़ादी मात्र हथियारों से ही नहीं, सत्य और अहिंसा के बल पर जनसहयोग से भी प्राप्त की जा सकती है। उनकी इसी सोच को जन-जन, घर-घर तक पहुंचाने के लिए गत 6 वर्षो से देश के स्वतंत्रता सेनानी परिवारों के लिए संघर्षरत देहरादून निवासी स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय नीलांबरदत्त पन्त के पुत्र अवधेश पंत घर-घर चरखा पहुंचाने की मुहिम चला रहे हैं। उनके पिता नीलांबरदत्त पंत ने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान बचपन से ही विभिन्न यातनाएं सहते हुए जेल जाने के पश्चात भी तत्कालीन सरकार द्वारा प्रदत्त सुविधाओं का परित्याग कर दिया था। उन्होंने आजीवन खादी पहनकर गांधीवाद का संदेश दिया। अवधेश पंत ने बताया कि आज देश को गांधी की जरूरत है। फासीवादी ताकतें जिस प्रकार देश में हिटलर और मुसोलिन की विचारधारा को थोपना चाहते हैं, वह विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के लिए घातक हैं। ऐसे समय में हमें विश्व के महान नेता महात्मा गांधी के दर्शन और विचारों को आत्मसात करने की आवश्यकता है। महात्मा गांधी के स्वदेशी के विचारों से प्रेरित होकर ही उन्होंने 'स्वदेशी का प्रतीक चरखा हर घर पहुंचने का संकल्प लिया है,' जिसके तहत वह पूरे देश में अब तक लगभग 450 चरखे सम्मान स्वरूप भेंट कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि उनका एकमात्र लक्ष्य देश के महान स्वतंत्रता सेनानियों व शहीदों का वास्तविक राष्ट्रीय गौरव स्थापित करना है। वहीं देश के उन गुमनाम स्वतंत्रता सेनानी परिवारों के करोड़ों परिजनों को एकत्रित कर भारतवर्ष के भविष्य नोनीहालों के दिलों में देशभक्ति की भावना का संचार करना है।



**डॉ. श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट**

# अन्याय व बुलडोजर की राजनीति का लोकतांत्रिक तरीके से मुकाबला करने का समय आ गया है- खुर्शीद मंसूरी



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम आलम सराय में आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) की एक विशाल बैठक का आयोजन मोहम्मद हनीफ की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि साहनपुर नगर पंचायत चेयरमैन एवं आज़ाद समाज पार्टी के मुरादाबाद मंडल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। खुर्शीद मंसूरी ने कहा कि आलम सराय के लोगों ने जिस उत्साह, जोश व सम्मान के साथ उनका स्वागत किया है, वह उसे जीवन भर याद रखेंगे। उन्होंने कहा कि वह हमेशा क्षेत्र की जनता के सुख-दुख में उनके साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने कहा यदि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता उन्हें अवसर देती है तो वह उनके मान-सम्मान की पूरी गारंटी लेते हैं। गांव के विकास को प्राथमिकता दी जाएगी व समाज के हर वर्ग को बराबर सम्मान मिलेगा। अब समय आ गया है कि अन्याय व बुलडोजर की राजनीति का लोकतांत्रिक तरीके से मुकाबला किया जाए तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना सांसद चंद्रशेखर आज़ाद के हाथों को मजबूत किया जाए। अब्दुल्ला गुलज़ार एवं वाजिद मकरानी ने कहा कि अब नजीबाबाद विधानसभा में बदलाव का समय आ गया है। अब्दुल्ला गुलज़ार ने मुस्लिम समाज पर हो रहे अत्याचारों के मुद्दे पर समाजवादी पार्टी व अखिलेश यादव की चुप्पी पर भी सवाल उठाते हुए उनकी आलोचना की। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष अशोक कुमार एडवोकेट, शहजाद प्रधान, अब्दुल्ला (पूर्व प्रधान, सबलपुर बीतरा), शमशीद अंसारी (पूर्व प्रधान, श्यामीवाला), सरफराज मालिक, शाहनवाज़ उर्फ नानू, इक़बाल अहमद, नौशाद सरवरी, आफताब मंसूरी, उमेश मौर्य, महेश चंद (पूर्व प्रधान, आलम सराय), सरफराज ठेकेदार, जमशेद, नसीम कस्सार, अकबर, अलीमंद माहीगीर, रिज़वान, इसरार मलिक, इरशाद, मास्टर मुनव्वर, डॉ. जुल्फिकार, परवेज आलम, नईम, महताब लाला, इंतेखाब अंसारी, जहांगीर काफी ग्रामीण एवं पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पुलिस ने खुर्शीद मंसूरी को दिल्ली जाने से रोका, हाउस अरेस्ट किया



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नजीबाबाद पुलिस प्रशासन ने दिल्ली में छात्रों पर लाठीचार्ज व उनके उत्पीड़न के विरोध को देखते हुए कई राजनीतिक दलों सपा, कांग्रेस व आजाद समाज पार्टी के पदाधिकारियों को दिली जाने से रोकने व प्रदर्शन से पहले ही हाउस अरेस्ट कर लिया। पुलिस ने नगर पंचायत साहनपुर के चेयरमैन एवं आजाद समाज पार्टी के मुरादाबाद मण्डल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी को बुधवार को सुबह उनके साहनपुर स्थित आवास पर पहुंचकर उन्हें हाउस अरेस्ट कर लिया। खुर्शीद मंसूरी ने कहा कि छात्रों पर ज़ुल्म के विरोध में उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद का दिल्ली में धरना जारी है। उनका भी छात्रों पर ज़ुल्म के खिलाफ विरोध जारी रहेगा। उधर पुलिस ने कांग्रेस नेता अभिनव अग्रवाल एडवोकेट को मौहल्ला मकबरा स्थित उनके आवास तथा कांग्रेस के पूर्व नगर अध्यक्ष अकरम खां को मौहल्ला बांसफोड़ान स्थित उनके आवास पर पहुंचकर उन्हें हाउस अरेस्ट कर लिया। मंडावली पुलिस ने ग्राम कांठपुर निवासी वरिष्ठ कांग्रेस नेता हाजी नसीम अंसारी को उनके गांव स्थित आवास पर हाउस अरेस्ट कर लिया। कांग्रेस के नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी, उपाध्यक्ष अमजद सिद्दीकी, फराज हुसैन एडवोकेट, वरिष्ठ कांग्रेस नेता वसीम अख्तर ने कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से विरोध दर्ज कराना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है, इस तरह की कार्यवाही से आंदोलन कमजोर नहीं होगा। मंडावली पुलिस ने सपा नेता इंजीनियर शादाब हैदर को सुबह उनके आवास पर पहुंचकर उन्हें हाउस अरेस्ट कर लिया। सपा नेता शादाब हैदर ने कहा कि यह उनकी आवाज को दबाने का प्रयास है। पुलिस की इस तरह की पाबंदियों से उनकी आवाज दबने वाली नहीं है।

# अधिकारियों ने व्यापारी संवाद गोष्ठी में बताये जीएसटी के लाभ

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन की ओर से नगर के घई होटल में व्यापारी संवाद गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी में जीएसटी अधिकारियों ने व्यापारियों को जीएसटी पंजीकरण के लाभों की जानकारी दी। साथ ही व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं को सुनकर उनके समाधान का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के जिला अध्यक्ष कपिल सर्राफ व प्रदेश मंत्री बिन्दू सर्राफ ने भी विचार रखते हुए जीएसटी अधिकारियों के सामने सर्राफा व्यापारियों की समस्याएं रखी। गोष्ठी में जीएसटी विभाग के ज्वाइंट कमिश्नर राजीव आर्थर, डिप्टी कमिश्नर शैलेंद्र सिंह, असिस्टेंट कमिश्नर अभिनव सोनी एवं साधना चौहान ने व्यापारियों को जीएसटी से मिलने वाले लाभ, नियमों व विभागीय प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी दी। अधिवक्ता राकेश गर्ग ने जीएसटी अधिकारियों के सामने व्यापारियों की समस्याओं को उठाते हुए जीएसटी कार्यालय में अपने काम से जाने वाले व्यापारियों का प्राथमिकता के आधार पर काम किये जाने की बात रखी तथा सभी व्यापारियों से हर महीने जीएसटी जमा करते रहने की अपील की। गोष्ठी में व्यापारी नेता डॉ. राजीव अरोड़ा, जिला उपाध्यक्ष मुकीम कुरैशी, जिला महासचिव रईस कुरैशी, नगर अध्यक्ष शाहिद सिद्दीकी, नगर महामंत्री सुशील कुमार, नगर सचिव धीरज झा, नगर युवा अध्यक्ष शेर अली, स्टेशन रोड शाखा अध्यक्ष मोनू टाटा, शाखा अध्यक्ष आसिफ, मछली बाजार शाखा अध्यक्ष शाहबाज, शाखा अध्यक्ष मोहम्मद रिजवान, शाखा अध्यक्ष हाजी विशाल, मीडिया प्रभारी दीपांशु वर्मा, अली शेर कुरैशी, शाखा उपाध्यक्ष फरहत खान, शाखा मंत्री शारिक, शाखा मंत्री सुल्तान, राहुल वर्मा, संजय वर्मा, उस्ताद तनवीर, पंकज वर्मा, अंशुल मेहरा, हर्षित सर्राफ, सुमन वर्मा सहित संगठन के अनेक महिला पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।




# डॉ. राखी अग्रवाल ने शुरू किया ग्राम छापर को हरित बनाने का अभियान

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** ग्राम छापर स्थित खसरा संख्या-56 (पुकार टॉकीज़ के पीछे) क्षेत्र को हरित, स्वच्छ व सुंदर बनाने के उद्देश्य से डॉ. राखी अग्रवाल एवं सखी वेलफेयर फाउंडेशन की पहल पर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, क्षेत्र के सौंदर्यीकरण तथा स्थानीय समुदाय की भागीदारी से विकास कार्यों को आगे बढ़ाने पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि क्षेत्र की जलवायु के अनुकूल नीम, पीपल, बरगद, जामुन, अमलतास, गुलमोहर व कचनार जैसे छायादार एवं पर्यावरण हितैषी वृक्ष लगाए जाएंगे। वक्ताओं ने कहा कि पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी नियमित देखभाल व संरक्षण भी उतना ही आवश्यक है। इसके लिए स्थानीय लोगों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। डॉ. राखी अग्रवाल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी है। यदि प्रत्येक व्यक्ति एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प ले, तो आने वाले समय में क्षेत्र को हरा-भरा व प्रदूषण मुक्त बनाया जा सकता है। साथ ही धोबी समाज के लिए आधुनिक ड्राई-क्लीनिंग एवं कपड़े धोने की यूनिट स्थापित करने का प्रस्ताव भी रखा गया, जिससे उनके पारंपरिक व्यवसाय को आधुनिक सुविधाओं के साथ नई दिशा मिल सके। उपस्थित लोगों ने ग्राम छापर को स्वच्छ, हरित व सुंदर बनाने तथा लगाए जाने वाले पौधों के संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया। इस अवसर पर सखी वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से डॉ. संदीप अग्रवाल, डॉ. राखी अग्रवाल, डॉ. केसी मठपाल, कविन अग्रवाल उर्फ राजू, सूरज, मीनू, हर्षित, सागरिका व आफताब मंसूरी उपस्थित रहे। वहीं आराजी धोबी सभा जमीअतुल कस्सार समिति के अध्यक्ष महबूब, उपाध्यक्ष मौ. अरशद, मौ. जावेद, मौ. नदीम, मौ. आमिर, मौ. राशिद, मेंहदी हसन, मौ. शकील सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।




खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476

M D COLLEGE BIJNOR
A CO-EDUCATIONAL INSTITUTION
APPROVED & AFFILIATED TO CENTRAL & STATE GOVERNMENT APEX BODY
Courses Offered
Professional Courses: D. Pharma, B.Sc. (Microbiology), BCA, B.Com. (Computer), BBA, B.A. LL.B., LL.B.
Traditional Courses: B.A., B.Sc. (ZBC), B.Com.
Eligibility: Eligibility to all the courses is as per the directives of the U.P. Government.
College Of Pharmacy, Management, Science, Commerce, Law & Arts
Admission Open
Head Office: Near Chamunda Mandir, Jatan, Bijnor-246701 (U.P.)
01342-262272941221 7505/506/507/508
www.pharmacymdcollege.com, www.srct-mdbijnor.com, pharmacymdcollege@gmail.com, lawmdcollege@gmail.com, bjosrct@gmail.com, bijnormdc@gmail.com

# भाकियू महात्मा टिकैत ने विभिन्न समस्याओं को उठाया, ज्ञापन सौंपा



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते भाकियू महात्मा टिकैत के कार्यकर्ता।

**नगीना ( चिंगारी )। भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत ने किसानों और विद्यार्थियों से जुड़े मुद्दों और समस्याओं को उठाया। किसानों ने दिल्ली में प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों पर लाठीचार्ज कराने की निंदा की।**

संगठन के युवा तहसील अध्यक्ष मो. आमिर ने ज्ञापन में कहा कि किसानों को खेती के लिए आवश्यक संसाधनों की कमी, बढ़ती लागत एवं प्राकृतिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, वहीं दूसरी ओर देश के विद्यार्थियों के साथ हो रही घटनाएं, पेपर लीक जैसी समस्या चिंताजनक हैं। उन्होंने एसडीएम प्रिंस कुमार को मांगों का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में एमएसपी गारंटी कानून लागू कराने, किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने, जनपद में अघोषित बिजली कटौती तत्काल बंद कराने, सिंचाई के लिए नहरों एवं रजवाहों में पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने, निराश्रित पशुओं, नीलगाय एवं बंदरों से किसानों की फसलों को बचाने सहित कई मांगें शामिल हैं।

ज्ञापन के माध्यम से किसानों ने दिल्ली में विद्यार्थियों पर लाठीचार्ज की निंदा की। किसानों ने कहा कि लोकतंत्र में अपनी बात रखना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने दोषी अधिकारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में अनेक कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल रहे।

# अवनी सिंह 25 जुलाई को करेंगी जनसुनवाई



**नूरपुर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती अवनी सिंह 25 जुलाई (शनिवार) को विकास खण्ड नूरपुर में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित करेंगी। इस दौरान वह महिलाओं की समस्याओं एवं शिकायतों को सुनकर उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करेंगी। जनसुनवाई कार्यक्रम के उपरांत ग्राम शिवाला खुर्द में आयोजित महिला चौपाल कार्यक्रम में सहभागिता करेंगी। चौपाल के माध्यम से महिलाओं को उनके अधिकारों, सरकारी कल्याणकारी योजनाओं, महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण तथा सामाजिक जागरूकता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की जाएगी। साथ ही स्थानीय महिलाओं से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों पर भी चर्चा की जाएगी।

# शिवभक्तों का जत्था पहलगाम रवाना



**नगीना ( चिंगारी )। बुधवार की शाम बाबा अमरनाथ के दर्शन करने के लिए नगीना से 42 शिव भक्तों का एक जत्था पहलगाम के लिए रवाना हुआ। यात्रा पर निकलने से पहले सभी श्रद्धालुओं ने बड़े मंदिर श्री मुक्तेश्वर नाथ में पहुंचकर पूजा अर्चना की तथा उसके बाद यात्रा के लिए रवाना हुए। इस मौके पर गम्भीर सिंह, दीपक कुशवाहा, हर्ष, सन्दीप कुमार, राजेश कुमार, रोहित, सत्यम, दिपांश, नवनीत चौधरी, मोनू डवास आदि मौजूद रहे। श्रद्धालुओं का जत्था 30 जुलाई को घर नगीना वापस आएगा।**

# शेख़ सुलेमान को पुलिस ने हाउस अरेस्ट किया

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वान पर रामपुर में प्रस्तावित प्रतिनिधिमंडल में शामिल होने जा रहे पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक शेख सुलेमान को पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया। पुलिस की इस कार्रवाई के चलते वह निर्धारित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रामपुर के लिए रवाना नहीं हो सके।



घर पर नजर बंद शेख सुलेमान।

जानकारी के अनुसार समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल नेता प्रतिपक्ष उत्तर प्रदेश विधानसभा माता प्रसाद पांडेय के नेतृत्व में रामपुर जाकर जिला प्रशासन द्वारा मौलाना मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय के ध्वस्तीकरण की प्रस्तावित कार्रवाई के विरोध में रामपुर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपने वाला था, जिसमें शामिल होने के लिए शेख सुलेमान रामपुर जा रहे थे। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव शेख सुलेमान का कहना है कि विश्वविद्यालय पर बुलडोजर चलाने के आदेश शिक्षा के अधिकार की संवैधानिक भावना के विपरीत है तथा इससे गरीब, पिछड़े और दलित वर्ग के हजारों विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित होगा। पुलिस द्वारा हाउस अरेस्ट किए जाने को शेख सुलेमान ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताया है। वहीं इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक अफजलगढ़ मृदुल कुमार का कहना है कि दिल्ली के जंतर-मंतर पर हो रहे छात्रों के प्रदर्शन को देखते हुए शेख सुलेमान को नजर बंद (हाउस अरेस्ट) किया गया है।

# अंग्रेजी लेखन प्रतियोगिता आयोजित की

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** बच्चों के रचनात्मक विकास और भाषा कौशल को विकसित करने के प्रयास के अंतर्गत गुरुकुल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल हरचंदपुर में बुधवार को कक्षा-वार अंग्रेजी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। स्कूल के एमडी डालचंद पाल ने बताया कि प्रत्येक कक्षा से प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यालय स्तर पर अशिका खान और तनुषी को 'बेस्ट इंग्लिश राइटर' के खिताब से नवाजा गया। प्रधानाचार्य शूरवीर राजपूत ने कहा कि छात्रों में भाषा कौशल के विकास के लिये ऐसी प्रतियोगितायें नियमित अंतराल पर आयोजित की जायेंगी। प्रतियोगिता के आयोजन में योगेश कुमार, सचिन कुमार, अंतरेश भुइयार और काजल शर्मा का विशेष योगदान रहा।



अशिका खान को सम्मानित करते स्कूल के एमडी और प्रिंसिपल

# एसडीएम ने किया कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण



**नूरपुर ( चिंगारी )।** नवनियुक्त उपजिलाधिकारी चांदपुर प्रशांत वर्मा ने बुधवार को नूरपुर पहुंचकर कांवड़ मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कांवड़ मार्ग पर बिजली के खम्बों में करंट से बचने के लिए प्लास्टिक लपेटने, पथ प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करने, सड़क के दोनों ओर सफाई व सड़कों पर बेरिकेड्स लगाने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों दिए। उन्होंने कांवड़ मार्ग पर सड़क में हो रहे गड्ढे भरने व बरसात के मौसम में सड़कों पर होने वाली जलभराव की स्थिति से निपटने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगरपालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी सन्तोष मिश्रा, हलका लेखपाल अमित तोमर, थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार आदि उपस्थित रहे।

# बूथ जीता तो समझो चुनाव जीता- हरेन्द्र जाटव




**नगीना ( चिंगारी )। भाजपा के नगीना विधानसभा स्तर के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में बूथ जीता तो चुनाव जीतने का संदेश दिया गया।**

बुधवार की दोपहर धामपुर मार्ग स्थित एक बैंकेट हॉल के सभागार में आयोजित भाजपा की बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पार्टी के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व प्रदेश के एससी/ एसटी आयोग के सदस्य हरेंद्र जाटव ने कहा कि भाजपा देश की एक अकेली ऐसी पार्टी है, जिसके पास सबसे मेहनती, निष्ठावान व ईमानदार कार्यकर्ताओं की एक बहुत बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि सभी बूथ अध्यक्ष अपने-अपने बूथों पर छोटी-छोटी बैठकें आयोजित कर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को उन तक पहुंचाने का काम करें। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए मजबूती से कमर कसने का आह्वान किया। इस मौके पर क्षेत्रीय मंत्री एवं सहसंयोजक बूथ अध्यक्ष अभियान पश्चिम क्षेत्र अनूप बाल्मीकि, पूर्व सांसद डॉ. यशवंत सिंह, पूर्व विधायक सतीश गौतम, रजनी कालरा, नीरज बिश्नोई, रोहित रवि, पूर्व जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान, नगर अध्यक्ष अंजलि मित्तल, सौरभ मित्तल, गौरव पाराशर, पंडित सचिन शर्मा, प्रहलाद कुशवाहा, सोहन सैनी, डॉ. भूपेश चौहान, जितेंद्र राठी, अरुण शर्मा आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने सपा व कांग्रेस नेताओं को नज़रबंद किया





**नूरपुर ( चिंगारी )।** दिल्ली जंतर-मंतर पर शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे व देश की शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस की बर्बरता व प्रधानमंत्री आवास के बाहर प्रदर्शन कर रहे विपक्ष के नेताओं को हिरासत में लेने का विरोध करते हुए समाजवादी महिला प्रकोष्ठ की उपाध्यक्ष डॉ. कुंतेश सैनी के अपने समर्थकों के साथ दिल्ली कूच करने की भनक लगते ही पुलिस ने मंगलवार की रात से उन्हें हाउस अरेस्ट कर लिया। पुलिस प्रशासन ने महिला कांस्टेबल समेत चार पुलिस कर्मियों को उनके घर पर तैनात कर दिया। इस दौरान डॉ. कुंतेश सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार ने जंतर-मंतर पर छात्रों पर जो अत्याचार किये हैं, ऐसा इतिहास में कभी नहीं हुआ।

प्रधानमंत्री आवास के बाहर नेता विपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में छात्रों के पक्ष में धरना प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस के नेताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया। जिसके विरोध में कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष सरदार गुरमुख सिंह दीवान अपने समर्थकों के साथ दिल्ली कूच करना चाहते थे, पुलिस ने उन्हें भी उनके आवास पर नजरबंद कर लिया।




# पंजीकरण की औपचारिकताएं पूरी करके ही वाहन दें!



**बिजनौर ( चिंगारी )।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी महेश कुमार शर्मा ने जनपद के दोपहिया एवं चारपहिया वाहन डीलरों को मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। बुधवार को अपने कार्यालय में डीलरों की बैठक में एआरटीओ प्रशासन महेश कुमार शर्मा ने कहा कि प्रत्येक वाहन का विक्रय केवल विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद ही किया जाए। वाहन डीलर पंजीकरण की औपचारिकताएं पूरी कर वाहन स्वामी को वाहन सौंपें। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग द्वारा लागू डीलर प्वाइंट पंजीकरण व्यवस्था के तहत डीलरों को वाहन पंजीकरण का अधिकार दिया गया है, इसलिए इस व्यवस्था का किसी भी स्तर पर उल्लंघन नहीं होना चाहिए। वाहनों से संबंधित ऑनलाइन आवेदन समय पर परिवहन कार्यालय को भेजे जाएं तथा डीलर प्वाइंट पर केवल प्रशिक्षित एवं अधिकृत कर्मियों से ही वाहन विवरण फीडिंग और वाहनों का सत्यापन कराया जाए, ताकि किसी प्रकार की त्रुटि की संभावना न रहे। एआरटीओ प्रशासन महेश शर्मा ने चेतावनी दी कि मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करने वाले वाहन डीलरों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सभी डीलरों से नियमों का पूर्ण पालन करने और पारदर्शी व्यवस्था बनाए रखने का आह्वान किया।

# छठी की दावत में खाना खाने को लेकर मेजबानों और मेहमानों में मारपीट

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** ग्राम रसूलपुर सैद में छठी की दावत के दौरान खाना खाने को लेकर मेजबानों-मेहमानों में झगड़ा हो गया, जिसमें बच्चे के ननिहाल पक्ष से आये कई व्यक्ति घायल हो गये। नांगल थानांतर्गत ग्राम रसूलपुर सैद उर्फ सैदपुरी निवासी शमशाद पुत्र मजले की पत्नी अमरीन ने पिछले दिनों पुत्र को जन्म दिया था। बुधवार को बच्चे की छठी थी। बच्चे की नानी तसलीमा पत्नी स्व. सद्दीक निवासी ग्राम निरंजनपुर थाना लक्सर, जिला हरिद्वार (उत्तराखंड) के साथ ननिहाल पक्ष के कई व्यक्ति छूछक लेकर आये थे। अपराह्न लगभग 5 बजे छठी की दावत के दौरान खाना खाने को लेकर मेजबानों और मेहमानों में झगड़ा हो गया। मेहमानों का आरोप है कि मजले के लड़कों ने (नवजात बच्चे के पिता को छोड़कर) उनकी लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। मारपीट में मेहमान पक्ष के रहमान पुत्र खुर्शीद, सलमान पुत्र खुर्शीद, खुर्शीद, शहजादी पत्नी शहजाद निवासीगण ग्राम निरंजनपुर, थाना लक्सर, जिला हरिद्वार (उत्तराखंड) तथा खुर्शीदा निवासी ग्राम सींकरी थाना किरतपुर (बिजनौर) घायल हो गये। झगड़े के दौरान वहां चीख-पुकार मच गई।

# गैंगस्टर एक्ट में पांच दोषियों को पांच-पांच साल की सज़ा

**बिजनौर( चिंगारी )।** गैंगस्टर एक्ट के दो अलग-अलग मामलों में गैंगस्टर कोर्ट की स्पेशल अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अलका चौधरी ने पांच दोषियों को सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपियों पर जुर्माना भी लगाया है। एडीजीसी सलीम अख्तर ने बताया कि नहटौर थाना पुलिस द्वारा वर्ष 2011 में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में राशिद हाशमी, माजिद हाशमी और गजेंद्र सिंह को दोषी ठहराया गया। अदालत ने तीनों को तीन-तीन वर्ष के सश्रम कारावास तथा पांच-पांच हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष के एडीजीसी सलीम अख्तर ने बताया कि तत्कालीन थाना प्रभारी सुबोध कुमार सक्सेना ने 11 मार्च 2011 को अनुमोदित गैंग चार्ट के आधार पर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया था। जांच में सामने आया था कि आरोपी गिरोह बनाकर चोरी, लूट सहित अन्य संगीन अपराध करते थे और क्षेत्र में उनका भय व्याप्त था। दूसरे मामले में नजीबाबाद थाना क्षेत्र के साहनपुर निवासी जफर और शमीम उर्फ भूरा को गैंगस्टर एक्ट के तहत दोषी पाते हुए अदालत ने पांच-पांच वर्ष के कठोर कारावास और 10-10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। यह मामला वर्ष 2006 का है, जिसमें तत्कालीन थाना प्रभारी एसपी अशोक ने आरोपियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा था। अदालत ने दोनों मामलों में साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर आरोप सिद्ध होने पर आरोपियों को सजा सुनाते हुए नियमानुसार जुर्माना भी लगाया।

# आयुष्मान कार्ड निर्माण में सुस्ती पर ब्लॉकों के अधिकारियों को नोटिस

## अफ़ज़लगढ़ में खराब प्रगति पर जुलाई का वेतन रोकने के निर्देश

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में 21 जुलाई को वेबलिंक के माध्यम से आयुष्मान भारत योजना के तहत आयुष्मान कार्ड निर्माण की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में कई विकास खंडों में कार्ड निर्माण की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए।

समीक्षा के दौरान विकास खंड किरतपुर, नूरपुर, जलीलपुर, हल्दौर, मोहम्मदपुर देवमल तथा बूढ़नपुर स्योहारा में आयुष्मान कार्ड निर्माण की प्रगति बेहद धीमी पाई गई। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), चिकित्सा अधीक्षक/एमओआईसी, बीपीएम और बीसीपीएम को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाने में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर विशेष अभियान चलाने और प्रतिदिन निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति सुनिश्चित करने को कहा। वहीं, विकास खंड अफजलगढ़ में भी आयुष्मान कार्ड निर्माण की प्रगति अत्यंत असंतोषजनक मिलने पर जिलाधिकारी ने संबंधित ग्राम पंचायत अधिकारी/ प्रभारी, सहायक विकास अधिकारी, बीपीएम, बीसीपीएम तथा चिकित्सा अधीक्षक/एमओआईसी का जुलाई 2026 का वेतन रोकने के निर्देश दिए।

# मजबूत बूथ ही चुनावी विजय का आधार- ओमकुमार

**नहटौर ( चिंगारी )**। भारतीय जनता पार्टी विधानसभा नहटौर का बूथ अध्यक्ष सम्मेलन मंगलवार को युवराज गार्डन में उत्साह एवं जोश के साथ आयोजित हुआ। सम्मेलन में मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता संजीव गोयल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का संगठन बूथ स्तर पर खड़े समर्पित कार्यकर्ताओं की बदौलत विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बना है।



सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए विधायक ओम कुमार ने कहा कि प्रत्येक बूथ अध्यक्ष केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और प्रदेश अभूतपूर्व विकास की राह पर अग्रसर हैं। इन उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की जिम्मेदारी प्रत्येक बूथ अध्यक्ष की है। मजबूत बूथ ही चुनावी विजय का आधार है।

विधायक ओम कुमार ने उपस्थित बूथ अध्यक्षों से 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' के संकल्प को आत्मसात करते हुए प्रत्येक बूथ को संगठनात्मक दृष्टि से आदर्श बूथ बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर सक्रिय संगठन ही भाजपा की निरंतर विजय का आधार है।

सम्मेलन में बड़ी संख्या में उपस्थित बूथ अध्यक्षों, पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख नहटौर राकेश चौधरी, मंडल अध्यक्ष पीयूष चौहान, वैभव गोयल, हिमांशु पाराशर, राकेश सैनी, मंडल प्रभारी श्रीमती माया पाल, वेद प्रकाश, कार्यक्रम संयोजक अतुल मारवाड़ी, जिला मंत्री तिलकराज सैनी, अन्नी त्यागी, अनिल सिंह, विनीता शर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में बूथ अध्यक्ष, पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पृथ्वीराज चौहान इंस्टीटयूट बीएड द्वितीय वर्ष का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा





**धामपुर ( चिंगारी )**। महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा संचालित पृथ्वीराज चौहान इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन एंड टेक्नोलॉजी, सरकड़ा चकराजमल, धामपुर का सत्र 2025-26 का बीएड द्वितीय वर्ष का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कॉलेज से जारी प्रेस नोट के अनुसार बीएड द्वितीय वर्ष में तुषार कुमार विमल ने 79.85 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं सोनम ने 78.21 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान और आकाश रंजन ठाकुर ने 77.85 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर कॉलेज के अध्यक्ष एस. के. राणा, सचिव मयंक कुमार, कोषाध्यक्ष देवेश चौहान, प्राचार्य डा. आर. पी. सिंह ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य डा. आर. पी. सिंह ने कहा कि शिक्षकों की मेहनत और छात्रों के अनुशासन के कारण ही लगातार अच्छे परिणाम आ रहे हैं।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद नहटौर जनपद-बिजनौर

पत्रांकः /न०पा०परि०नह०/2026-27 दिनांकः

**अति अल्पकालीन कुटेशन/निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विद्युत आपूर्ति को सुचारू बनाये रखने हेतु बोर्ड स्वीकृति की प्रत्याशा में नगर पालिका परिषद नहटौर क्षेत्रान्तर्गत पथ प्रकाश व्यवस्था में मरम्मत प्रयुक्त निम्नलिखित सामग्री की दरें आमन्त्रित करना चाहती है। इच्छुक ठेकेदार/सप्लायर अपनी कुटेशन (प्रति नग) की दर दिनांक 31.07.2026 को समय अपरान्हः 02:00 बजे तक पालिका कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। प्राप्त कुटेशन उसी दिन अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी द्वारा खोली जायेगी। कुटेशनदाताओं को अपनी कुटेशन के साथ 20,000.00 रू० की अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद नहटौर के नाम एफ०डी०आर० बंधक लगाना अनिवार्य होगा। निश्चित दिनांक एवं समय के पश्चात प्राप्त होने वाली कुटेशन/निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा। अन्य नियम व शर्तें कुटेशन/निविदा फार्म पर अंकित है।

| क्र०सं० | सामग्री का नाम |
|---|---|
| 1 | 90 वाट सर्किट एल०ई०डी० लाईट (हेलोनिक्स) |
| 2 | 90 वाट पी०सी०बी० पैनल एल०ई०डी० लाईट (हेलोनिक्स) |
| 3 | 45 वाट सर्किट एल०ई०डी० लाईट (हेलोनिक्स) |
| 4 | 45 वाट पी०सी०बी० पैनल एल०ई०डी० लाईट (हेलोनिक्स) |
| 5 | 10 एम०एम० वायर सिंगल कोर एल्यूमीनियम (हेवल्स) (बजाज) (एंकर) |
| 6 | 06 एम०एम० वायर सिंगल कोर एल्यूमीनियम (हेवल्स) (बजाज) (एंकर) |
| 7 | 06 एम०एम० केबिल डबल कोर (हेवल्स) (बजाज) (एंकर) |
| 8 | 1.5 एम०एम० वायर (हेवल्स) (बजाज) (एंकर) |
| 9 | इन्सुलेटर |
| 10 | पाईप जी०आई० |
| 11 | क्लैम्प जी०आई० |
| 12 | चेंज ओवर थ्री फेस 63 एम्पियर |
| 13 | चेंज ओवर टू फेस 32 एम्पियर |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद नहटौर
जनपद-बिजनौर

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद नहटौर
जनपद-बिजनौर


## पत्रकार एकता मंच की बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर किया विचार



**धामपुर ( चिंगारी )**। पत्रकार एकता मंच की शिवाजी पार्क स्थित पंडित रुद्रदत्त शर्मा पुस्तकालय में आयोजित बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा, पत्रकार हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों तथा नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंच के अध्यक्ष मनोज कात्यायन ने संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने पर जोर दिया।

महामंत्री शाकिर अंसारी ने कहा कि पत्रकार एकता मंच समय-समय पर सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाता रहा है।

उन्होंने कहा कि संगठन का प्रमुख उद्देश्य पत्रकारों के अधिकारों एवं हितों की रक्षा करना है। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष यतेंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार, राकेश कुमार, राजीव सिंह, डॉ. दिग्विजय सिंह, इमरान खान, लोकेश शर्मा सहित अनेक सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए। बैठक का संचालन मंच के महामंत्री शाकिर अंसारी ने किया।

## डॉ. राकेश मोहन भारती को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया, पश्चिमांचल के तत्वावधान में आयोजित श्रद्धांजलि एवं शोकसभा में संगठन के दिवंगत प्रदेश महासचिव डॉ. राकेश मोहन भारती को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। भिक्षु संघ, धम्म बंधुओं एवं समाज के गणमान्य लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा तथा उनके द्वारा किए गए धम्म एवं सामाजिक कार्यों का स्मरण किया। सभा में नागरिकों ने दिवंगत डॉ. भारती के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका सरल स्वभाव, संगठन क्षमता एवं समाज सेवा के प्रति समर्पण सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। सभी ने उनके अधूरे धम्म एवं सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर केंद्रीय शिक्षक एवं बौद्ध आचार्य मामराज सिंह बौद्ध, नरेंद्र सिंह बौद्ध, जय सिंह बौद्ध, अतर सिंह बौद्ध, गोविंद सिंह बौद्ध, प्रवेश कुमार, पूजा हॉस्पिटल के प्रबंधक सुभाष चंद्र, अधिवक्ता जितेंद्र कुमार, धर्म सिंह, सुखराम सिंह बौद्ध, दिलीप प्रधान, धनीराम सिंह, मा. मूलचंद उपस्थित रहे।


## सूचना

शपथ पत्र मिनजानिब प्रदीप कुमार चौहान पुत्र किशन सिंह निवासी ग्राम जसवंतपुर उर्फ लुकादड़ी पोस्ट चंदनपुरा तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर निम्न लिखित बयान शपथपूर्व करता हूं कि

1. यह कि मेरा उपरोक्त नाम व पता सही है।
2. यह कि मेरी पुत्री रितिका चौहान आपके विद्यालय में कक्षा 9 ए की छात्रा है।
3. यह कि मेरे पुत्री के प्रवेश के समय मेरे द्वारा कार्यालय/शैक्षिक प्रपत्रों में मेरी पुत्री के पिता का नाम अंग्रेजी में Pradeep Kumar लिख दिया गया था, जबकि मेरी पुत्री के पिता का सही नाम अंग्रेजी में सही नाम Pradeep Kumar Chauhan है, जिसके साक्ष्य में मैंने अपने आधार कार्ड की छाया प्रति संलग्न की है।
4. यह कि मेरी पुत्री के शैक्षिक अभिलेखों/कार्यालय रिकॉर्ड में मेरी पुत्री के पिता का सही नाम Pradeep Kumar Chauhan लिखा जाये ताकि मेरी पुत्री को भविष्य में कोई परेशानी ना हो। उक्त सम्बंध में स्कूल स्टाफ की कोई त्रुटि नहीं है।
5. यह कि उपरोकत का कुल मजमून सही व सच है कुछ झूठ नहीं है। ईश्वर मेरी मदद करे।

**ह. शपथकर्ता**


# बिजनौर में एपेक्स हॉस्पिटल का शुभारंभ

## श्रीमती गायत्री गोयल व श्रीमती नीता सिंह ने किया उद्‌घाटन





**बिजनौर (चिंगारी)।** घर में अचानक ही किसी की तबीयत बिगड़ जाने से यकायक समस्या खड़ी हो जाती है कि फौरी तौर पर वह अपने मरीज को किस हॉस्पिटल में ले जायें, जहां उसे तुरंत विशिष्ट चिकित्सकों की देखरेख में उच्च गुणवत्तापूर्ण उपचार मिले। रात्रि में यह समस्या और बड़ी हो जाती है। इन सब समस्याओं का समाधान बिजनौर नगर में मल्टी




स्पेशयलिटी एपेक्स हॉस्पिटल में होगा, जिसका भव्य शुभारंभ आज मुख्य अतिथि श्रीमती गायत्री गोयल एवं श्रीमती नीता सिंह ने जब फीता काटकर किया तो वातावरण वहां भारी संख्या में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों की करतल ध्वनि से गूंज उठा। मंडावर रोड पर जिला अस्पताल के पास स्थित एपेक्स हॉस्पिटल के नये परिसर में यज्ञ हवन में आहुतियां देकर ईश्वर से आशीर्वाद प्राप्त किया। हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. नितन गोयल ने बताया कि हॉस्पिटल में एक ही छत के नीचे विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम आईसीयू, मॉड्यूलर ओटी, जनरल वार्ड, पैथोलॉजी लैब आदि समस्त अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ मरीजों का उच्च गुणवत्ता पूर्ण उपचार करेगी। डॉ. नितिन का कहना है कि हमारा प्रयास हरेगा कि हम 'एपेक्स' के शाब्दिक हिंदी अर्थ शिखर (चोटी) तक अपनी चिकित्सा सुविधाओं को ले जायें। कार्यक्रम में जनपद से अनेक चिकित्सकों, व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य व्यक्तियों ने पहुंचकर अपनी शुभकामनायें दीं। जिनका स्वागत व आभार सर्वश्री डॉ. वीरेंद्र सिंह (वरिष्ठ सर्जन), साहिब सिंह, राममोहन गोयल, डॉ. नितिन गोयल, डॉ. गरिमा सिंह आदि ने अत्यंत उत्साह व आत्मीयता के साथ किया।

## जौहर यूनिवर्सिटी पर कार्रवाई व छात्राओं पर जुल्म निंदनीय: मुअज्जम खान एडवोकेट



नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद के पूर्व चेयरमैन मुअज्जम खान एडवोकेट ने देश की राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर पर चल रहे छात्र आंदोलन के दौरान छात्रों पर दिल्ली पुलिस किये गये जुल्म तथा रामपुर स्थित मौलाना मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी के खिलाफ प्रस्तावित ध्वस्तीकरण की कार्रवाई पर सोशल मीडिया पर जारी कर इसकी कड़ी निंदा की है। पूर्व चेयरमैन मुअज्जम खान एडवोकेट ने देश के महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा उत्तर प्रदेश सरकार से अपील करते हुए कहा कि पेपर लीक जैसी घटनाओं की निष्पक्ष जांच कर शिक्षा व्यवस्था में सुधार किया जाए, शिक्षा संस्थानों को ध्वस्त करने जैसी कार्रवाई से बचा जाए। उनका कहना था कि छात्रों की मेहनत के अनुरूप उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। मुअज्जम खान ने कहा कि दिल्ली के जंतर-मंतर पर चल रहा आंदोलन युवाओं की आवाज़ को दर्शाता है। सरकार को उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि समाज को धार्मिक आधार पर बांटने की राजनीति बंद होनी चाहिए। सरकार को शिक्षा व रोजगार जैसे मूल मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए। पूर्व चेयरमैन ने रामपुर स्थित मौलाना मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी के खिलाफ प्रस्तावित ध्वस्तीकरण कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग करते हुए कहा कि शिक्षा संस्थानों को बचाना समय की आवश्यकता है। रामपुर जौहर यूनिवर्सिटी सभी देशवासियों के लिए एक शानदार यूनिवर्सिटी है। इस यूनिवर्सिटी के खिलाफ सरकार को द्वेष भावना से कार्रवाई न कर इसे आगे बढ़ाने के लिए काम करना है।

## कारगिल दिवस पर बिजनौर में रखा जाएगा शहीद स्तंभ का आधार, इंदिरा पार्क के बाहर जगह चिन्हित






**बिजनौर (चिंगारी)।** नगर पालिका परिषद बिजनौर आगामी 26 जुलाई को कारगिल दिवस के ऐतिहासिक अवसर पर एक भव्य शहीद स्तंभ की सौगात देने जा रही है। इस दिन पालिका प्रशासन द्वारा शहीद स्तंभ का भूमि पूजन और शिलान्यास किया जाएगा। शिलान्यास कार्यक्रम के लिए पालिका और जिला प्रशासन ने संयुक्त रूप से बैराज रोड स्थित इंदिरा पार्क के बाहर स्थल का चयन कर लिया है। शहीद स्तंभ के निर्माण के लिए चिन्हित किए गए इस स्थल की पुष्टि जिला प्रशासन द्वारा भी कर दी गई है। इस संबंध में जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर और एडीएम प्रशासन अंशिका दीक्षित ने स्वयं मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और पालिका द्वारा चुने गए स्थल को अंतिम रूप देते हुए अपनी सहमति जताई नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 26 जुलाई को देश कारगिल दिवस मनाता है। इस गौरवशाली दिन को यादगार बनाने के लिए पालिका प्रशासन ने बिजनौर में एक भव्य शहीद स्तंभ स्थापित करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इसके लिए बैराज रोड पर स्थित इंदिरा पार्क के बाहर खाली स्थान को सबसे उपयुक्त पाया गया है। स्थल चयन और निरीक्षण के इस महत्वपूर्ण अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ कई गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। सैनिकों की ओर से अभिनव सिंह ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। वहीं पालिका प्रशासन की ओर से अवर अभियंता (जलकल) गौरव शर्मा और सफाई निरीक्षक गोविंद चौधरी मौजूद रहे। इसके अलावा भाजपा नेता डॉ. बीरबल सिंह ने भी निरीक्षण के दौरान अपनी मौजूदगी दर्ज कराई और इस पहल की सराहना की।

## पुलिस ने सपा नेता अनुज मलिक को हाउस अरेस्ट किया



बिजनौर (चिंगारी)। दिल्ली के जंतर-मंतर पर आयोजित विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के लिए जाने की तैयारी कर रहे समाजवादी पार्टी के नेता अनुज मलिक को पुलिस ने उनके साथियों सहित हाउस अरेस्ट कर लिया। बताया जा रहा है कि पुलिस ने एहतियातन कार्रवाई करते हुए उनके आवास पर पहुंचकर उन्हें बाहर जाने से रोक दिया। सपा कार्यकर्ताओं का आरोप है कि लोकतांत्रिक तरीके से आयोजित प्रदर्शन में शामिल होने से रोकना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हनन है। उनका कहना है कि पार्टी के कई कार्यकर्ताओं को भी पुलिस ने घरों में ही रोक दिया, जिससे वे दिल्ली के लिए रवाना नहीं हो सके। उनके आवास पर कर्मेंद्र तोमर. मोहम्मद कसर. प्रवेश चौधरी, सतपाल, सोनू आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मूलचंद एकेडमी में प्रतियोगिताओं का आयोजन

नजीबाबाद (चिंगारी)। मूलचंद अकादमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से वाद-विवाद प्रतियोगिता, कला प्रतियोगिता तथा हिंदी, इंग्लिश निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में आनलाइन लर्निंग व ट्रेडिशनल लर्निंग में कक्षा छह से आठवीं तक के बच्चो ने प्रतिभाग किया। इंग्लिश में टैगोर हाउस से प्रथम स्थान पर मानवी, सुभाष हाउस से अजरा, दूसरे स्थान पर अशोक हाउस से भूमिका, टैगोर हाउस से अलिना, हिंदी में प्रथम स्थान पर टैगोर हाउस से हमजा, दानिया, दूसरे स्थान पर अशोका हाउस से जोया, विवेकानन्द हाउस से हरितिक ने अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। हिंदी व इंग्लिश निबंध प्रतियोगिता में कक्षा नवीं व दसवी के बच्चो ने '2047 तक विकसित भारत के निर्माण में एआई. की भूमिका' विषय में प्रतिभागिता दिखाई। विद्यालय के प्रबंधक अनिल चैहान एडवोकेट, उप प्रधानाचार्या श्रीमती सुनिता सिंह एवं शिक्षकों ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए विजेताओं को सर्टिफिकेट भी दिए।

# भाजपा की सबसे बड़ी ताकत हैं बूथ अध्यक्ष- सुशांत सिंह

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** बूथ अध्यक्ष भाजपा की सबसे बड़ी ताकत हैं। यह बात बुधवार को कासमपुर गढ़ी में आयोजित भाजपा के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में क्षेत्रीय भाजपा विधायक कुंवर सुशांत सिंह ने कही। स्थानीय बस स्टैंड रोड स्थित एक बैंकट हॉल में मंडल अध्यक्ष अरविंद गहलोत की अध्यक्षता एवं भाजपा (कि.मो.) के जिलाध्यक्ष खेल सिंह राजपूत के संचालन में आयोजित इस सम्मेलन में रामपुर के पूर्व जिलाध्यक्ष अभय कुमार गुप्ता मुख्य अतिथि रहे। सर्वप्रथम मंचासीन अतिथियों को रामनामी पटका पहनाकर एवं उपस्थित बूथ अध्यक्षों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जहां एक ओर अभय प्रताप सिंह ने केंद्र व प्रदेश की



बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को संबोधित करते सुशांत सिंह

भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी, वहीं विधायक सुशांत सिंह ने पार्टी में बूथ अध्यक्षों की भूमिका के महत्व पर प्रकाश डाला और उन्हें पार्टी का मजबूत स्तंभ बताते हुये कहा कि बूथ अध्यक्ष पार्टी की सबसे बड़ी ताकत होते हैं। समारोह में ब्लॉक प्रमुख प्रदीप कुमार बबली, पूर्व चेयरपर्सन पति एड. सलीम अंसारी, सहदेव सिंह, जयप्रकाश बंजारा, सचिन सैनी, भीम सिंह रावत, मुकेश शर्मा, मुकीब खान सूरी, सलमान अंसारी, विनोद धारीवाल, डॉ. सुशील कुमार, अजय कौशिक, लव अग्रवाल, भूपेंद्र सिंह, संजीव गहलोत टीटू, हर्ष रस्तोगी, गुलशन चौहान, कृष्ण वीर चौहान आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# भाजपा कर्मठ कार्यकर्ताओं की पार्टी : ब्रिजेश चौधरी



**नूरपुर ( चिंगारी )।** गौहावर में आयोजित भाजपा के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में मुख्य अतिथि अमरोहा के पूर्व जिला अध्यक्ष ब्रजेश चौधरी ने बूथ अध्यक्षों से अपने-अपने बूथ क्षेत्र में निवासित जातिवार वोटर्स, पार्टी सपोटर्स व विपक्षी पार्टियों की पूरी जानकारी कर बूथ को मजबूत बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रचण्ड बहुमत के साथ पुनः सरकार बनायेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा कर्मठ कार्यकर्ताओं की पार्टी है। जो व्यक्ति बूथ अध्यक्ष के अलावा पार्टी में जिस दायित्व से भी जुड़े हों, वे संगठन के लिए कुछ समय जरूर निकालें। पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों से अवगत करायें। हर बूथ अध्यक्ष को अपने बूथ से संबंधित सभी सूचनाओं की जानकारी जरूर होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हर पदाधिकारी, कार्यकर्ता अपने आप को चुनाव के दृष्टिकोण से तैयार रखें। भाजपा की लोकप्रियता से विपक्षी बौखलाये हुए हैं तथा नये-नये आंदोलनों से चुनावी माहौल बनाने में लगे हुए हैं। जनता के बीच जाकर इनकी असलियत बतानी है। कार्यक्रम में सीपी सिंह ने मंचसीन अतिथियों को गीता भेंट की। कार्यक्रम में सीपी सिंह, भाजपा जिला महामंत्री नरेश भाटी, देशबंधु, तरुण गौड़, आदि ने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में पुष्पेंद्र शेखावत, ब्लॉक प्रमुख श्रीमती आकांक्षा चौहान, डा. विनीत देवरा, सुन्दर राणा, डा. वीरेंद्र कुमार, कविश राणा, विनोद कुमार, प्रण्यमनु गुप्ता, धर्मेंद्र जोशी, निशांत कर्णवाल, सुरेश कुमार, हरभजन सिंह अमन, डॉ. अरुण अग्रवाल, वीरेंद्र शर्मा, सुमित विश्वकर्मा, पंकज कुमार, डा. आयुष दिवाकर आदि मौजूद रहे।

# बाल क्लब कमेटी का दो दिवसीय आध्यात्मिक महोत्सव 25 से

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर की धार्मिक एवं सामाजिक संस्था बाल क्लब कमेटी की ओर से दो दिवसीय आध्यात्मिक महोत्सव विभिन्न कार्यक्रमों के रूप में आयोजित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत मां भगवती का विशाल जागरण भी किया जाएगा। दो दिवसीय कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु प्रशांत, शगुन, विशाल कुमार, अरुण कुमार, चेतन कुमार, रोहित कुमार, रोनू कुमार, कृष्णा, राजा, अजय कुमार, नन्हे सिंह, भूपेंद्र सिंह, नीरज कुमार, सौरभ कुमार, रवि कुमार आदि के नेतृत्व में सेवादारों के जत्थे सनातन परिवारों से डोर टू डोर संपर्क कर रहे हैं। जगत जननी मातेश्वरी जगदंबिका भवानी के दरबार के समर्पित सेवादारों प्रशांत कुमार, शगुन कुमार, विशाल कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि दो दिवसीय 17वें वार्षिक आध्यात्मिक महोत्सव के अंतर्गत पिछले 16 वर्षों से चली आ रही गौरवशाली परंपरा के अंतर्गत 25 जुलाई को हरिद्वार से माता रानी की पावन ज्योति धामपुर लाई जाएगी तथा नगीना मार्ग स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ मंदिर कालिया वाला से शाम 4 बजे विशाल ज्योति शोभायात्रा निकाली जाएगी।

# विद्या मंदिर में हुई बस्ता प्रतियोगिता

**चांदपुर ( चिंगारी )।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, चांदपुर में बस्ता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा नर्सरी से कक्षा 12 तक के भैया-बहनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न प्रेरणादायक एवं सांस्कृतिक वेश के माध्यम से अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती ममता वैश्य एवं लायंस क्लब अध्यक्ष श्रीमती तनु भाटिया ने प्रतियोगिता के उपरांत प्रत्येक कक्षा के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया-बहनों को मेडल पहनाकर सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम प्रमुख श्रीमती पारुल त्यागी व हिरेन्द्र रहे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती पारुल त्यागी ने किया।




# साथी पोर्टल पर बीज कारोबारियों का पंजीकरण अनिवार्य

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिला कृषि अधिकारी जसवीर सिंह तेवतिया ने जनपद के सभी बीज निर्माताओं, बीज प्रोसेसरों तथा थोक एवं फुटकर बीज विक्रेताओं को निर्देश दिये हैं कि भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा विकसित साथी पोर्टल पर निर्धारित समय सीमा के भीतर अपना पंजीकरण कराते हुए प्रोफाइल अपडेट करना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें।

जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि साथी पोर्टल का उद्देश्य देश में बीज उत्पादन, भंडारण, परिवहन, वितरण एवं बिक्री की व्यवस्था को पारदर्शी, डिजिटल और ट्रेसेबल बनाना है। पोर्टल पर प्रत्येक बीज व्यवसायी का ऑनलाइन रिकॉर्ड उपलब्ध होने से बीज की गुणवत्ता एवं प्रामाणिकता का सत्यापन आसान होगा। इससे किसानों को प्रमाणित और गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी मजबूत होगी। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशों के तहत जनपद के सभी लाइसेंसधारी बीज निर्माता, प्रोसेसर, थोक एवं फुटकर विक्रेताओं का विवरण साथी पोर्टल पर ऑनलाइन दर्ज कराया जा रहा है। कृषि विभाग ने चरणबद्ध तरीके से डेटा फीडिंग का कार्य शुरू कर दिया है। पोर्टल के माध्यम से बीज की उत्पादन इकाई से लेकर किसान तक पूरी आपूर्ति श्रृंखला का डिजिटल रिकॉर्ड उपलब्ध रहेगा। इससे नकली,




अमानक और अवैध स्रोतों से बेचे जाने वाले बीजों पर प्रभावी नियंत्रण के साथ बीज संबंधी शिकायतों का त्वरित निस्तारण भी संभव होगा।

## 25 जुलाई तक करना होगा पंजीकरण

जिला कृषि अधिकारी ने सभी बीज कारोबारियों से अपील की है कि वे अपने बीज अनुज्ञापन पत्र (लाइसेंस), आधार कार्ड, पैन कार्ड, जीएसटी विवरण (जहां लागू हो), प्रतिष्ठान संबंधी अभिलेख एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ 25 जुलाई 2026 तक आवंटित लॉगिन आईडी और पासवर्ड के माध्यम से साथी पोर्टल पर लॉगिन कर आवश्यक विवरण भरें और दस्तावेज अपलोड करें।

## पोर्टल के बिना कारोबार करने पर लाइसेंस होगा निरस्त

उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित तिथि के बाद यदि कोई बीज विक्रेता साथी पोर्टल पर पंजीकरण या अपनी प्रोफाइल अपडेट नहीं करता है और बिना साथी पोर्टल के बीज कारोबार करता पाया जाता है, तो उसके बीज लाइसेंस को तत्काल प्रभाव से नियमानुसार निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी। तकनीकी समस्या आने पर बीज विक्रेता जनपद के मास्टर ट्रेनर ओम ट्रेडिंग कंपनी, बिजनौर, सिंह इंटरप्राइजेज, बिजनौर अथवा अपर जिला कृषि अधिकारी, बिजनौर के कार्यालय से संपर्क कर समस्या का समाधान करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि साथी पोर्टल के प्रभावी क्रियान्वयन से बीज कारोबार में पारदर्शिता बढ़ेगी, किसानों को गुणवत्तापूर्ण एवं प्रमाणित बीज मिलेंगे तथा कृषि क्षेत्र में तकनीक आधारित सुशासन को गति मिलेगी।

# ट्रैक्टर-ट्राली में घुसी कार एक की मौत, घायल हुए चार

स्योहारा ( चिंगारी )। मुमेरे भाई के शादी समारोह से लौट रहे पांच कार सवारों की कार अनियंत्रित होकर लकड़ी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली में घुस गयी। घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गयी, जबकि चार लोग घायल हो हुए।

बुधवार को देर रात सदाफल निवासी समीर पुत्र शमीम, अतीक पुत्र शफीक, ईसराईल हुसैन पुत्र इरशाद, सैनूर पुत्र अनवर, आदिल पुत्र युसुफ गांव सलेमपुर गढ़ी से ईसराईल के मुमेरे भाई की शादी से कार में सवार होकर लौट रहे थे। ग्राम श्यामाबाद के पास कार लकड़ी से भरी ट्रैक्टर-ट्राली में अनियंत्रित होकर पीछे से घुस गयी। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल प्रभाव से घायलों को अस्पताल भिजवाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद समीर, अतीक, ईसराईल को हायर सेंटर रैफर कर दिया था। उपचार के दौरान ईसराईल की मौत हो गयी। मौत की ख़बर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायलों का उपचार चल रहा है। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्राली और चालक को हिरासत में ले लिया।

# तलवार व लोहे की रॉड से हमला किया, हालत गंभीर

## आरोपियों के विरुद्ध मुक़दमा दर्ज

नूरपुर ( चिंगारी )। थाना क्षेत्र के गांव मिठाई निवासी निखिल कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गत 16 जुलाई की शाम करीब साढ़े सात बजे उसके पिता जी बाइक द्वारा किसी कार्य से सेवा धाम आश्रम गए थे, वहां से निकलने के बाद कुछ ही दूरी पर उन्हें जान से मारने की नीयत से ऑल्टो कार चालक ने पीछे से बाइक पर कार चढ़ा दी। उसके पिता बाइक के नीचे दब गए। इस दौरान कार में से निकले तीन युवक सचिन पुत्र जगतवीर निवासी ग्राम मंडोरा, जागेश पुत्र हरिराज व अजय पुत्र राजे निवासीगण ग्राम कुंडा खुर्द ने गाली गलौच करते हुए मुकदमा वापस लेने की बात की और उन्होंने तलवार व लोहे की रॉड से उन पर हमला कर दिया। हमले में उनके सर में गम्भीर चोट लगी है। उन्हें मरणासन्न अवस्था में मौके पर छोड़कर भाग गए। गम्भीर हालत में उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया, जहां उनकी नाजुक हालत देखकर प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रैफर कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# भाजपा कार्यकर्ता बूथ करें मजबूत- नागर




चांदपुर ( चिंगारी )। भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में विधानसभा क्षेत्र चांदपुर के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में 'मेरा बूथ सबसे मजबूत, बूथ जीता चुनाव जीता' पर चर्चा करते हुए अपने बूथ को मजबूत बनाने तथा विधानसभा चुनाव की तैयारी में पूरे जी जान से जुट जाने का कार्यकताओं से आह्वान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमरोहा के पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ऋषिपाल सिंह नागर थे।

बुधवार को ग्राम स्याऊ में बिजनौर रोड पर स्थित एक विवाह मंडप में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ऋषिपाल सिंह नागर ने कार्यकर्ताओं से बूथ को मजबूत बनाने तथा बूथ पर निवास करने वाले परिवारों से संपर्क अभियान में तेजी लाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पार्टी के विचार एवं नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में बूथ अध्यक्षों की भूमिका अतुलनीय है।

पूर्व विधायक श्रीमती कमलेश सैनी ने सभी बूथ अध्यक्ष से नये मतदाता बनाने तथा अपने बूथ को मजबूत करने का आह्वान किया। सम्मेलन को भाजपा नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल, श्रीमती मीनू राजपूत, नवनीत राणा, राकेश सैनी, सचिन शर्मा, जितेन्द्र शर्मा, नरेन्द्र सिंह, वरूण चौधरी, कल्याण सिंह सैनी आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम संयोजक भाजपा किसान मोर्चा के जिला महासचिव चौ. सुधीन्द्र सिंह ने किया।

# शानदार रहा विवेक कॉलेज बी.कॉम ऑनर्स का परीक्षाफल

बिजनौर ( चिंगारी )। विवेक कॉलेज बिजनौर में बी.कॉम ऑनर्स द्वितीय वर्ष परीक्षा का परिणाम उत्कृष्ट रहा। बी.कॉम आनर्स द्वितीय वर्ष में वंशिका अग्रवाल ने 72.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, सारा वक्कार ने 71.2 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान तथा ओम अग्रवाल ने 69.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया।



प्रबंधन विभाग के प्राचार्य डॉ. सर्वेश कुमार शीतल ने कहा कि बी.कॉम ऑनर्स द्वितीय वर्ष का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी विद्यार्थी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन करते रहेंगे। महाविद्यालय के अध्यक्ष अमित गोयल ने अपने संदेश में कहा कि संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उनके सर्वांगीण व्यक्तित्व एवं व्यावसायिक दक्षता का विकास करना है। सचिव दीपक मित्तल ने कहा कि महाविद्यालय का लक्ष्य विद्यार्थियों को वर्तमान प्रतिस्पर्धी युग में व्यावहारिक एवं तकनीकी रूप से दक्ष बनाना है। महाविद्यालय के निदेशक अनिल कुमार शर्मा ने सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि यह उत्कृष्ट परिणाम संस्थान की सुदृढ़ शैक्षणिक व्यवस्था, शिक्षकों की प्रतिबद्धता तथा विद्यार्थियों की लगन और मेहनत का परिणाम है।



# जयंत चौधरी से मिले हनी तोमर

चांदपुर ( चिंगारी )। युवा रालोद के क्षेत्रीय अध्यक्ष रूहेलखंड ने हनी तोमर पद मिलने के बाद पहली बार रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी से दिल्ली में मुलाकात की। हनी तोमर ने केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी का आभार जताते हुए कहा कि उन्हें जिस उम्मीद से इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी गई है, वे उस जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी के साथ निभाते हुए उनके विश्वास पर खरा उतरेंगे तथा पार्टी को मजबूत बनाने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे तथा युवाओं को पार्टी से जोड़ने के लिए दिन-रात कार्य करेंगे। मालूम हो कि हनी तोमर को केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी का बहुत नजदीकी माना जाता है।

# किसानों का दो दिन से चला धरना समाप्त

## डीएम की मध्यस्थता में अधिकांश मांगों पर बनी सहमति



बिजनौर ( चिंगारी )। किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मंगलवार से कलेक्ट्रेट परिसर में शुरू हुआ भारतीय किसान यूनियन का अनिश्चितकालीन धरना बुधवार को दूसरे दिन जिलाधिकारी की मध्यस्थता में अधिकारियों और किसान प्रतिनिधिमंडल के बीच हुई वार्ता के बाद समाप्त हो गया।

प्रशासन की ओर से किसानों के साथ दो दौर की वार्ता हुई, लेकिन समस्याओं का समाधान नहीं होने पर जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान ने जिलाधिकारी से वार्ता की पेशकश की। दिनभर प्रशासनिक अधिकारी किसान नेताओं को मनाने में जुटे रहे, लेकिन किसान अपनी मांगों के समाधान पर अड़े रहे। वार्ता में वन विभाग, विद्युत विभाग, गन्ना विभाग और सहकारिता विभाग से जुड़े अधिकारियों ने किसानों की समस्याओं पर चर्चा की। अधिकांश मुद्दों पर सहमति बनने के बाद धरना समाप्त करने की घोषणा की गई। धरना स्थल पर जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान, ठाकुर रामावतार सिंह, कुलदीप सिंह, बाबूराम तोमर, सोमपाल सिंह, राजेंद्र सिंह, प्रमोद कुमार, सत्यवीर, डॉ. विजय चौधरी, विकास कुमार, जितेंद्र सिंह, अवनीश कुमार, गजेंद्र सिंह, अरुण, संदीप त्यागी समेत बड़ी संख्या में किसान एवं भाकियू कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बिजनौर जिले के दो वाहन चोर हरिद्वार में गिरफ़्तार, 25 मोटरसाइकिलें बरामद




**हरिद्वार ( चिंगारी )।** रानीपुर पुलिस ने ऑटो लिफ्टर गैंग का पर्दाफाश करते हुए गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। जिनकी निशानदेही पर चोरी की 25 मोटर साईकिलें बरामद की गई है। पकड़े गए दोनों आरोपी उत्तर प्रदेश के बिजनौर जनपद के रहने वाले हैं।

एसएसपी नवनीत सिंह ने बताया कि यह अन्तर्राज्यीय गैंग हरिद्वार तथा पड़ौसी राज्य उत्तर प्रदेश में दो पहिया वाहनों को निशाना बनाता था। पकड़े गए बदमाशों की निशानदेही पर रानीपुर पुलिस ने यूपी और यूके से चोरी की गई 25 मोटरसाईकिलें बरामद की है।

पकड़े गये आरोपियों में एक मोटर मैकेनिक है। चोरी किया गया वाहन न बिकने पर उसके पार्ट्स निकालकर बेच दिया करते थे। प्रभारी निरीक्षक मनोहर भण्डारी की अगुवाई में गठित टीम ने गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर मोटरसाईकिलें बरामद की। इन्होंने दादूपुर गोविन्दपुर स्थित खंडहर को अपना ठिकाना बना रखा था। जहां ये चुराई गई बाइकों को छिपाते थे। बरामद वाहनों में हरिद्वार, रानीपुर, ज्वालापुर, सिडकुल, थाना मंगलोर एवं यूपी के जनपद बिजनौर से चुराई गई मोटरसाईकिलें शामिल है।

गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में 18 वर्षीय भव्य उर्फ भोला पुत्र अरूण कुमार निवासी अमीरपुर गांगू, थाना शहर कोतवाली एवं 22 वर्षीय सुधीर कुमार पुत्र कालू निवासी रसूलपुर आबाद थाना हल्दौर जनपद बिजनौर शामिल है। पुलिस के अनुसार भव्य उर्फ भोला नशे का इंजेक्शन लगाने का आदी है तथा सुधीर कुमार मोटर मैकेनिक है। ये दोनों साथ मिलकर हरिद्वार, ऋषिकेश, बिजनौर सहित अन्य जगहों से मोटरसाईकिलें चुराकर बेच देते थे। अगर कोई वाहन नहीं बिक पाता तो उसे खोलकर उसके पार्ट्स बेच देते थे।

## अरबन आयुष्मान पीएचसी का शुभारंभ



**स्योहारा ( चिंगारी )।** मौहल्ला इस्लामनगर में अरबन आयुष्मान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का शुभारंभ वरिष्ठ समाजसेवी चिकित्सक डॉ. मनोज वर्मा, डॉ. शाश्वत वर्मा, डॉ. प्रमोद देशवाल और सीएचसी स्योहारा अधीक्षक डॉ. बीके स्नेही ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर डा. मनोज वर्मा ने कहा कि इस स्वास्थ्य केंद्र के शुरू होने से क्षेत्र की जनता को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा। गरीब मरीजों को उनके घर के निकट ही योग्य चिकित्सक से समुचित जांच और दवा नि:शुल्क रूप से मिलना शुरू हो जाएगा। यह सरकार की बहुत ही सराहनीय पहल है। युवा ओर जोशीले डॉक्टरों की टीम मिलने से जनता को समुचित स्वास्थ्य सेवाएं मिलेगी। इस दौरान मंसूब चौधरी, तलहा चौधरी, आमिर चौधरी, डॉ. हाशिम चौधरी, वीर सिंह, आलोक कुमार, हरीश कुमार, योगेश कुमार, प्रदीप रावत, दीपक कुमार, मोहम्मद फारूख, मुहम्मद मुस्तकीम, सौरभ आर्य, सुनील कुमार, लोकेश कुमार, गौतम कुमार, राशि आदि मौजूद रहे।

## मोदी पर अभद्र टिप्पणी करने वाला गिरफ़्तार

**नूरपुर ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी के नेता जितेंद्र बैस ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके मोबाइल पर एक वीडियो आया जिसमें एक युवक दिल्ली के जंतर मंतर मर चल रहे छात्रों के धरने-प्रदर्शन को लेकर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए अभद्र टिप्पणी करते दिखाई दे रहा है। साथ ही गांव में आने वाले भाजपा नेताओं को लाठी डंडे से पीटकर भगाने की धमकी भी देता नजर आ रहा है। पुलिस ने वायरल वीडियो की जांच कर आरोपी युवक की पहचान क्षेत्र के गांव नंगली पथवारी निवासी युवक शादाब के रूप में होना बताया है। थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार ने बताया कि आरोपी युवक को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## बाकरपुर गढ़ी में लगेगा छड़ियों का मेला

**बिजनौर ( चिंगारी )। ग्राम बाकरपुर गढ़ी के रामबाग में श्री गुरू गोरखनाथ जी गोगामाढ़ी पर सावन माह की दशमी को दो दिवसीय छड़ियों का मेला लगेगा। मंदिर समिति की एक विज्ञप्ति के अनुसार यह मेला 8 व 9 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। इससे पूर्व 7 अगस्त को विशाल भंडारे का आयोजन होगा। मंदिर समिति ने क्षेत्रवासियों से गुरू गोरखनाथ जी के मंदिर में प्रसाद चढ़ाकर आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।**

## रामपुर जा रहे मूलचंद चौहान को पुलिस प्रशासन ने किया हाउस अरेस्ट



**धामपुर ( चिंगारी )।** मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी पर चल रहे बुलडोजर के विरोध में रामपुर रवाना हो रहे सपा के पूर्व राज्यमंत्री मूलचंद चौहान को पुलिस प्रशासन ने हाउस अरेस्ट कर लिया। इस दौरान सपा कार्यकर्ताओं ने पुलिस की कार्यवाही का जमकर विरोध किया तथा इस कार्रवाई को लोकतंत्र की हत्या करार देते हुए भाजपा पर जमकर हमला बोला। बृहस्पतिवार को सपा कार्यकर्ता पूर्व राज्य मंत्री मूलचंद चौहान के नेतृत्व में मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी पर बुलडोजर कार्यवाही के विरोध में रामपुर के लिए रवाना हो रहे थे। सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासन ने सपा के कैंप कार्यालय पर पहुंचकर रवाना हो रहे मूलचंद चौहान को कार्यकर्ताओं के साथ हाउस अरेस्ट कर लिया। सपा कार्यकर्ताओं को विरोध के बाद भी पुलिस ने जाने नहीं दिया। इस दौरान सपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में लोकतंत्र का गला दबाया जा रहा है। किसी को बोलने तक नहीं दिया जा रहा है। मूलचंद चौहान ने कहा कि जौहर यूनिवर्सिटी पर बुलडोजर कार्रवाई पुलिस प्रशासन और सत्ता का दोहरा रवैया है। जहां पर भाजपा के कब्जे हैं, उन्हें संरक्षण मिल रहा है। उन्होंने कहा कि वह किसी की आवाज को दबने नहीं देंगे।

# जैन फार्म में पेड़ों को सुखाने के मामले को एनजीटी ने गंभीरता से लिया

### जांच हेतु चार सदस्यीय समिति का गठन किया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जैन फार्म के आम के पेड़ों को कैमिकल से सुखा देने और फिर उन्हें काट लेने के मामले को एनजीटी (राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण) ने बहुत गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच के लिए उच्च स्तरीय टीम का गठन किया गया है। इसके साथ ही मामले में सभी प्रतिवादियों को नोटिस जारी करने के आदेश दिए है। इस प्रकरण में अगली सुनवाई 3 सितम्बर को होगी।

सपा नेता चाहशीरी निवासी हाजी दानिश अख्तर की ओर से सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता रीतिक गुप्ता द्वारा एनजीटी में दायर याचिका में कहा गया कि जैन फार्म में लगभग डेढ़ सौ आम के स्वस्थ पेड़ों की जड़ों में रसायन डालकर उन्हें नष्ट कर दिया गया। इससे पहले भी इस बाग से करीब चार हजार पेड़ों का अवैध कटान किया जा चुका है।

एनजीटी की पीठ के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव एवं सदस्य डा. ए.सेंथिल वेल ने प्रधान मुख्य वन संरक्षक के प्रतिनिधि, सदस्य सचिव यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, निदेशक आईटीआरसी और जिलाधिकारी बिजनौर की उच्च स्तरीय जांच समिति गठित करते हुए दो माह के भीतर जांच रिपोर्ट देने के आदेश पारित किए। आदेश में कहा गया कि संयुक्त समिति स्थल का निरीक्षण कर आरोपों की सत्यता की जांच करेगी। यदि पेड़ों को अवैध रूप से नष्ट या काटा गया है, तो इसके लिए जिम्मेदार व्यक्तियों का पता लगाएगी और उचित उपचारात्मक एवं दंडात्मक कार्यवाही का सुझाव देगी। साथ ही, अगली सुनवाई तक सम्बन्धित क्षेत्र में पेड़ों का कोई अवैध कटान नहीं होगा।

# वहशी बेटे की करतूत से कांप उठी इंसानियत

## मुआवजे के लिये किया मां की सांसों का अंत

–मरगूब रहमानी

**बिजनौर( चिंगारी )।** जिस माँ ने उसे नौ महीने कोख में रखा, जिसने अपनी नींदें गंवाकर उसकी रातों को सुकून बख्शा, जिसने खुद की भूख छिपाकर उसके लिए निवाला बचाया, जिसकी उंगली पकड़कर वह लड़खड़ाते कदमों से चलना सीखा, जिसने उसकी हर जिद को अपनी खुशी समझा और उसके हर दुख को अपने सीने में दफन कर लिया, उसी माँ की जिंदगी की कीमत उसके बेटे ने महज पांच लाख रुपये तय की! सोचिए! मौत से पहले उस माँ के दिल पर क्या गुजरी होगी? जब उसे मौत देने वाला कोई दुश्मन नहीं, बल्कि उसके अपने जिगर का टुकड़ा था। वह जिंदगी बचाने के लिए छटपटाई होगी, उसने रहम की भीख मांगी होगी...

जब उसकी बूढ़ी आंखों ने अपने बेटे की आंखों में ममता तलाश की होगी, लेकिन उसके बेटे को रहम न आया होगा। तब उस पर क्या गुज़री होगी? जब लाचार माँ की सांसें थम रही होंगी, तब उसका क्या हाल हो रहा होगा? इस कल्पना से ही दिल कांप उठता है, लेकिन क्या उस बेरहम बेटे का दिल भी कांपा होगा, शायद नहीं। उसके दिल में तो 5 लाख का लालच था।

हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम अजूपुरा जट में हुई 70 वर्षीय बीरो की हत्या की यह वारदात सिर्फ एक कत्ल नहीं, यह उस रिश्ते की हत्या है, जिसे दुनिया का सबसे पवित्र रिश्ता कहा जाता है। इस घटना ने इंसानियत को सवालों के ऐसे घेरे में खड़ा कर दिया है, जिसका जवाब देते हुए शायद शब्द भी शर्म से सिर झुका लें।

चारा लाने के बहाने जंगल ले गया सोमवार की शाम गांव का बहाल सिंह उर्फ मनीराम अपनी 70 वर्षीय माँ बीरो को



पशुओं का चारा लाने के बहाने जंगल ले गया। माँ को क्या मालूम था कि जिस बेटे के साथ वह जंगल जा रही है, वह अब उसका बेटा नहीं, लालची दरिंदे का रूप ले चुका है। आरोप है कि जंगल में बेटे ने अपनी माँ की गला दबाकर हत्या कर दी। लेकिन मौत इतनी आसानी से नहीं आई होगी। पुलिस के मुताबिक, वृद्धा के शरीर पर 30 से 35 चोटों के निशान मिले हैं। उसकी पसलियां तक टूट गई थीं। जरा कल्पना कीजिए उस आखिरी पल की, एक बूढ़ी माँ और सामने उसका कातिल बेटा। वह बेटा जिसे बचपन में उसने हर खतरे से बचाया था, आज वह उसी से अपनी जान बचाने के लिए संघर्ष कर रही थी। वह चीखी होगी, छटपटाई होगी, शायद बेटे को पुकारा भी होगा। 'बेटा... मुझे मत मार...'

माँ के मरते ही बेटे को मुआवज़े के रूप में पांच लाख मिलने का अपना सपना साकार होता दिखने लगा होगा। योजनानुसार उसने माँ की मौत का इल्ज़ाम जंगल के बेजुबान शिकारी गुलदार पर लगाते हुए शोर मचा दिया। लोग दौड़े चले आए। गांव में अफरा-तफरी मच गई। लोगों का गुस्सा वन विभाग के खिलाफ फूट पड़ा। हंगामा बढ़ा तो वन विभाग के अधिकारियों ने पांच लाख रुपये के मुआवजे की घोषणा कर दी।

आरोपी को लगा होगा कि उसकी साजिश सफल हो गई। मरते-मरते भी माँ उसे 5 लाख दे गई, लेकिन वह भूल गया था कि इंसान कितना भी बड़ा झूठ बोल ले, मौत का सच पोस्टमार्टम की मेज पर बोल उठता है।

शव का पोस्टमार्टम हुआ तो कहानी बदल गई। मौत के पीछे किसी जानवर के पंजे नहीं, बल्कि एक इंसान के हाथ होने के संकेत मिले। जांच आगे बढ़ी तो शक की सुई बेटे पर जा टिकी। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की और फिर वह सच सामने आया, जिसे सुनकर शायद पुलिस वालों के भी रोंगटे खड़े हो गए होंगे।

जिस माँ की मौत पर गांव गुलदार को कोस रहा था, उसका कथित कातिल कोई और नहीं, उसका अपना बेटा निकला।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अब जेल की ऊंची दीवारें उससे कह रही होंगी कि माँ होती तो मिलने आती। माँ तो दुनिया से चली गई, अब कौन तेरे लिए आंसू बहायेगा।

एक बार फिर सवाल वहीं खड़ा था–

हर अनहोनी का दोष गुलदार के सिर ही क्यों? गुलदार जंगल में है... मगर डर किससे है? बिजनौर ज़िला जंगलों से घिरा है। यहां गुलदार और इंसान के बीच संघर्ष कोई नई बात नहीं। लेकिन इन घटनाओं ने एक अलग ही भय पैदा कर दिया है। गुलदार से तो इंसान बच सकता है, लेकिन जब इंसान ही इंसान



आरोपी पुत्र

का शिकारी बन जाए, तब कौन बचाएगा? जंगल का गुलदार भूख से शिकार करता है। लेकिन इंसान! कभी लालच में मारता है।

> **कभी जिस माँ की गोद में सिर रखकर वह सुकून से सोया होगा... आज वही माँ उसी बेटे के हाथों मौत की नींद सो रही है। जिस हाथ को पकड़कर उसने चलना सीखा था... उसी हाथ ने कथित तौर पर उसकी जिंदगी छीन ली। और शायद आसमान के किसी कोने में बैठी वह माँ आज भी यही सोच रही होगी- बेटा... मैंने तो तुझे जिंदगी दी थी... तूने मेरी जिंदगी क्यों छीन ली?**

कभी रंजिश में। कभी संपत्ति के लिए। कभी बदले के लिए। और जब अपराध कर बैठता है तो अपने गुनाह का चेहरा छिपाने के लिए उसी बेजुबान गुलदार को सामने कर देता है, जो अपनी सफाई में एक शब्द भी नहीं बोल सकता। अजूपुरा जट की बीरो की कहानी भी शायद यहीं खत्म नहीं होती। उसकी मौत की जांच अदालत में होगी। आरोपी को कानून सजा देगा या नहीं, यह अदालत तय करेगी। लेकिन एक सवाल गांव की गलियों में, लोगों की आंखों में और शायद हर उस माँ के दिल में हमेशा जिंदा रहेगा- जिस बेटे के लिए माँ ने अपनी पूरी जिंदगी खपा दी, क्या उस बेटे की नजर में माँ की जिंदगी की कीमत सिर्फ पांच लाख रुपये थी?

## नजीबुद्दौला गर्ल्स इंटर कॉलेज एनसीसी प्रथम बैच की छात्राओं ने रचा इतिहास




नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के नजीबुद्दौला गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्राओं ने एनसीसी के क्षेत्र में विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के प्रथम एनसीसी बैच (2024) की छात्राओं ने 30 यूपी बटालियन एनसीसी बिजनौर के तत्वावधान में आयोजित ए सर्टिफिकेट परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की है। परीक्षा में सफल होने तथा सर्टिफिकेट मिलने के पश्चात विद्यालय लौटने पर छात्राओं का जोरदार स्वागत किया गया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंधक सुहेलुरहमान ने सभी सफल छात्राओं तथा उनकी एनसीसी ऑफिसर हिना सैफी को बधाई दी। विद्यालय परिसर में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में प्रबंधक सुहेलुरहमान ने सभी छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा यह विद्यालय का पहला एनसीसी कैडेट्स का बैच था, जिसमें छात्राओं ने बड़ी लगन व मेहनत से शत प्रतिशत सफलता प्राप्त कर कॉलेज का नाम जनपद में रोशन किया। उन्होंने आगे कहा कि बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। एनसीसी के माध्यम से इन में अनुशासन, देश सेवा व नेतृत्व के गुणों का विकास हुआ है। उन्होंने ए सर्टिफिकेट में बच्चों की सफलता का श्रेय कॉलेज की एनसीसी ऑफिसर (सीटीओ) हिना सैफी व प्रधानाचार्य शबाना परवीन को दिया। प्रबंध समिति के सदस्य मोहम्मद इब्राहिम ने कहा कि यह सर्टिफिकेट इन छात्राओं के कैरियर व सेना या पुलिस बल में जाने के सपनों को पूरा करने में एक मजबूत नींव साबित होगा। प्रधानाचार्य शबाना परवीन ने कहा कि बालिकाओं को एनसीसी के मूल मंत्र एकता व अनुशासन को अपने जीवन में उतारना व अपनाना चाहिए। एनसीसी प्रभारी हिना सैफी ने अपने कैडेट्स की इस सफलता का श्रेय 30 यूपी बटालियन एनसीसी बिजनौर के अधिकारियों द्वारा दिए गए कड़े प्रशिक्षण व मार्गदर्शन को दिया। एनसीसी प्रभारी हिना सैफी ने आगे कहा यह छात्राएं आने वाले नए बैच के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## आरएसएम इंटर कॉलेज में रविवार को होगी माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक

बिजनौर (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक आगामी रविवार को आरएसएम इंटर कॉलेज धामपुर में होगी। बैठक में शिक्षकों की वर्तमान समस्याओं-पुरानी पेंशन तथा आगामी शिक्षक एमएलसी चुनाव में डॉ सुनीत गिरी को चुनाव लड़ने जैसे विशेष बिंदुओं पर चर्चा होगी। उक्त बैठक की सफलता के लिए आज यहां राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज के कला कक्ष में संगठन की बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष गय्यूर आसिफ तथा संचालन शाखा मंत्री लेफ्टिनेंट तेजपाल सिंह ने किया। सभा को संबोधित करते हुए जिला मंत्री विनोद कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षकों की अनेक समस्याएं वर्षों से लंबित हैं। सरकार बार-बार वचन देने के बावजूद शिक्षकों के हितों के प्रति गंभीर नहीं है। शासन-प्रशासन की इस हठधर्मिता के विरुद्ध शिक्षक समाज को एकजुट होना होगा। उन्होंने शिक्षकों से आव्हान किया कि आगामी रविवार को आरएसएम इंटर कॉलेज में होने वाली बैठक में जनपद के माध्यमिक शिक्षक अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे। सभा को मयूर मलिक, राजेंद्र सोलंकी, देवेंद्र कुमार, सुधांशु कुमार आदि वक्ताओं ने संबोधित किया। सभा में बृजेश कुमार, सुभाष बाबू,एस पी गंगवार, सुनील बाबू, मोहम्मद अनस, विनोद यादव, वाजिद हुसैन, रश्मि चौहान, कुमुद चौहान, अलका रानी, छवि गर्ग, पुष्पेंद्र कुमार, जयप्रकाश पटेल, जितेंद्र पाल, लक्षेष कुमार, सुरेंद्र सिंह आदि शिक्षक- शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# धामपुर के युशा नफ़ीस का एशियन जूनियर और वर्ल्ड जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप के लिए चयन

धामपुर (चिंगारी)। धामपुर के प्रतिभाशाली स्क्वैश खिलाड़ी युशा नफ़ीस का चयन अंतरराष्ट्रीय स्तर की दो महत्वपूर्ण प्रतियोगिताओं के लिए चयन होने पर उनके परिवार और विद्यालय में खुशी का माहौल है। नफ़ीस अहमद के पुत्र युशा नफ़ीस का चयन 33वीं एशियन जूनियर इंडिविजुअल स्क्वैश चैंपियनशिप के लिए हुआ है, जो पानझीहुआ सिटी, चीन में आयोजित की जाएगी। इसके अतिरिक्त उनका चयन वर्ल्ड जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप के लिए भी हुआ है, जो द मार्क सचवी स्क्वैश सेंटर, नायग्रा-ऑन-द-लेक, ओंटारियो (कनाडा) में




आयोजित हो रही हैं। युशा नफ़ीस वर्तमान में डीपीएस धामपुर के छात्र हैं। इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्रधानाचार्या बबीता गुप्ता ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि युशा की मेहनत और लगन विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है। युशा नफ़ीस के पिता नफ़ीस अहमद वर्तमान में धामपुर शुगर मिल्स के डिस्टिलरी प्लांट में कार्यरत हैं और वे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बेहतरीन क्रिकेटरों में भी रह चुके हैं। युशा नफ़ीस को उनके कोच ध्रुव धवन द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उनकी इस उपलब्धि से धामपुर में खुशी का माहौल है।


# मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S., Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423


## बंधन न्यूज चैनल ने समारोहपूर्वक मनाया अपना स्थापना दिवस

धामपुर (चिंगारी)। बंधन न्यूज़ चैनल के पांचवें स्थापना दिवस समारोह में बाल कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर वाहवाही अर्जित की। चैनल के डायरेक्टर सुमित शर्मा तथा एंकर ऋचा वर्मा ने श्री शिव शक्ति सेवा मंडल बुढलाड़ा पंजाब की शाखा धामपुर के संयोजक सुनील अग्रवाल पचरंगी को 28वीं अमरनाथ यात्रा सकुशल संपन्न कराने पर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इनके अलावा जनपद के अनेक प्रतिष्ठित नागरिकों को भी सम्मानित किया गया। बंधन न्यूज़ चैनल कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका परिषद धामपुर के अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह, पूर्व पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता, विकास खंड धामपुर की प्रशासक क्षमा हेमलता चौहान, पूर्व भाजपा विधायक डॉक्टर इंद्रदेव सिंह, सांसद प्रतिनिधि एवं जिला पंचायत सदस्य विवेक सेन, शुगर मिल धामपुर के उपाध्यक्ष एवं यूनिट हेड आशीष कुमार शर्मा, शुगर मिल के कारखाना महाप्रबंधक विजय कुमार गुप्ता ,हिंदू युवा वाहिनी के पूर्व मुरादाबाद मंडल प्रभारी डॉक्टर एनपी सिंह, वरिष्ठ साहित्यकार दिनेश चंद्र अग्रवाल नवीन, डॉक्टर आदित्य अग्रवाल,



समाजसेवी नरेश सैनी कैटर्स आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर तान्या मेघालया ने गणेश वंदना प्रस्तुत की।

### समारोह में इनको किया गया सम्मानित

महंत राहुल अग्रवाल, महेंद्र धनोरिया, अनिल के गोयल, दीपक अग्रवाल, एस बी डी कॉलेज की प्राचार्या डॉक्टर पूनम चौहान, आरएसएम डिग्री कॉलेज की प्रवक्ता डा. भारती चौहान, प्रधानाचार्य भूपेंद्र सिंह चौहान, प्रयास हॉस्पिटल के डायरेक्टर डा. दिनेश कुमार, समाजसेवी चौधरी अरुण प्रताप सिंह एडवोकेट , सरदार गुरु शरण सिंह मोहन, जितेंद्र गोयल, मनीष गर्ग , सरदार गगनदीप सिंह चावला ,रोटेरियन विपिन मिश्रा ,रोटेरियन डॉक्टर विकास अग्रवाल ,डॉक्टर कुशाग्र सक्सेना, समाजसेवी टीकम सिंह फौजी, पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष जावेद रहमान शमसी, जिला उपाध्यक्ष सुगम जैन, धामपुर शाखा अध्यक्ष एवं वरिष्ठ रोटेरियन एसपी सलूजा , नगर संगठन मंत्री सरदार मंजीत सिंह सलूजा सरदार हर्षदीप सिंह सलूजा सिदक ,भाजपा नेता राकेश चौधरी, नगर पालिका परिषद सभासद संजीव कुमार वर्मा एवं सुमित माहेश्वरी ,बहुजन समाज पार्टी के मुख्य कोऑर्डिनेटर नाजिम अली, संजीव कुमार शर्मा कैटर्स, पंडित आदित्य कुमार शर्मा, समाजसेवी योगेश रस्तोगी उर्फ बाबू भैया, समाजसेवी वीरेंद्र कुमार रस्तोगी, सरदार महेंद्र सिंह सलूजा आराधक एवं संचालक सरदार मनप्रीत सिंह बॉबी, श्री शिव शक्ति सेवा मंडल बुढलाडा पंजाब की धामपुर शाखा के संयोजक सुनील कुमार अग्रवाल पचरंगी आदि सहित अनेक प्रतिष्ठित नागरिक को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## युवक से गाली-गलौच व धक्कामुक्की की रिपोर्ट दर्ज

नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद थाने पर किरतपुर के मौहल्ला किला निवासी आशीष राजपूत पुत्र जयपाल सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि वह 21 जुलाई को शाम अपने वाहन से नजीबाबाद से किरतपुर जा रहा था। सीकेआई चैराहे के पास उसका वाहन खराब हो गया। उसने वाहन एक साइड में लगा दिया तभी वहां दुकान करने वाले शोभित पुत्र सत्यप्रकाश निवासी गोविंदनगर ने उसके साथ गाली-गलौच कर धक्का मुक्की की तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## झूठे आरोप लगाने के खतरे में महिला नहीं करा पा रही पुत्र का इलाज

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के रायपुर रोड निवासी कामिनी पत्नी स्व0 कमल का पुत्र प्रियांशु पिछले काफी समय से गंभीर रूप से बीमार है। युवक बीमारी की हालत में अपने किराये के घर पर ही पड़ा हुआ है। महिला का कहना है वह अपने पुत्र का इलाज कराना चाहती है, मगर जमीन के विवाद में उससे रंजिश रखने वाले परिवार के कुछ लोगों द्वारा उस पर झूठे आरोप लगाने का खतरा बना हुआ है, जिससे वह अपने पुत्र का इलाज नहीं करा पा रही है।


# बिजनौर में खुल गया है

ATHER कम डाउन पेमेंट कम ब्याज दर ATHER
आज ही लायें एथर स्कूटर



इलेक्ट्रिक स्कूटर के बादशाह
एथर का शोरूम

आवश्यकता है- धामपुर में मैनेजर एवं मैकेनिक की (केवल धामपुर वाले को वरीयता)
मो. 8192801901

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

# कांग्रेस ने प्रदर्शन करके केन्द्र सरकार का पुतला जलाया



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** देशभर में पेपर लीक, भर्ती घोटालों तथा जंतर-मंतर पर अपने अधिकारों एवं न्याय की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं पर की गई पुलिस कार्रवाई के विरोध में महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेन्द्र सिंह नेगी के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन करते हुए केंद्र सरकार का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी कार्यालय में एकत्रित हुए। तत्पश्चात पूर्व मंत्री के नेतृत्व में बाजार से होते हुए विरोध मार्च निकाला। हाथों में तख्तियां और बैनर लिए कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए छात्र-छात्राओं के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद की। पूरे बाजार में गूंजते नारों के बीच मार्च तहसील के बाहर पहुंचा, जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार का पुतला दहन किया। तत्पश्चात तहसील में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री ने कहा कि देश का युवा आज अपने भविष्य, रोजगार और न्याय की लड़ाई लड़ रहा है, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि उसकी आवाज सुनने के बजाय सरकार दमन और लाठी के बल पर लोकतांत्रिक आंदोलनों को कुचलने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं पर जिस प्रकार बर्बरतापूर्ण कार्रवाई की गई, उसने पूरे देश को झकझोर दिया है और यह लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा प्रहार है। कहा कि पेपर लीक केवल परीक्षा का विषय नहीं, बल्कि लाखों युवाओं और उनके परिवारों के सपनों, वर्षों की मेहनत और विश्वास का प्रश्न है। उत्तराखंड सहित देश के अनेक राज्यों में भर्ती परीक्षाओं में लगातार सामने आ रही अनियमितताओं ने युवाओं के भविष्य को गहरे संकट में डाल दिया है। सरकार युवाओं को रोजगार देने में असफल रही है और अब उनकी मेहनत भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ाई जा रही है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, प्रियंका गांधी तथा कांग्रेस के अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ केंद्र सरकार द्वारा किया गया व्यवहार भी लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुरूप नहीं था। विपक्ष की आवाज को बलपूर्वक दबाने का प्रयास किसी भी स्वस्थ लोकतंत्र के लिए उचित नहीं माना जा सकता। कहा कि कांग्रेस पार्टी छात्र-छात्राओं, युवाओं और उनके परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है, जब तक युवाओं को न्याय नहीं मिलेगा, दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई नहीं होगी तथा भर्ती प्रक्रियाओं में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित नहीं की जाएगी, तब तक कांग्रेस का लोकतांत्रिक संघर्ष निरंतर जारी रहेगा। विरोध प्रदर्शन में महानगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मीना बछवाण, पूर्व ब्लॉक प्रमुख गीता नेगी, कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीन रावत, पूर्व महानगर अध्यक्ष संजय मित्तल, धर्मेंद्र सिंह रावत, कृपाल सिंह नेगी, बृजपाल सिंह नेगी, शंकेश्वर प्रसाद सेमवाल, अनिल भारद्वाज, विकास मेहरा, अजीत सिंह नेगी, राजीव कपूर, देवेंद्र सिंह नेगी, नंदन सिंह रावत, विनोद नेगी, अंकुश घिल्डियाल, शुभम सुयाल, महावीर सिंह रावत और सतेंद्र सिंह नेगी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन शामिल रहे।

## कांग्रेस ने किया जोरदार प्रदर्शन

### जिम्मेदारियों से भाग रही है भाजपा सरकारें: गणेश गोदियाल

**देहरादून ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय के घेराव के विरोध में कांग्रेस ने भी जोरदार शक्ति प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल के आह्वान पर हजारों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय से भाजपा प्रदेश कार्यालय की ओर कूच किया। हाथों में पार्टी के झंडे और बैनर लिए कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने आरोप लगाया कि जिस प्रकार भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार के इशारे पर दिल्ली पुलिस, सीआरपीएफ के जवानों के साथ भाजपा पोषित गुंडा तत्वों ने जन्तर-मन्तर आन्दोलन के छात्र-छात्राओं और युवाओं पर बर्बरता दिखाई तथा इसका विरोध करने पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी व कांग्रेस नेताओं के साथ अभद्रता की उससे साबित हो गया है कि भाजपा लोकतांत्रिक मूल्यों को कुचलने का प्रयास कर रही है और विपक्ष की आवाज़ को दबाने के लिए इस प्रकार की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा यदि विपक्ष को डराने या दबाने का प्रयास करेगी तो कांग्रेस कार्यकर्ता लोकतांत्रिक तरीके से उसका डटकर मुकाबला करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस किसी भी प्रकार की राजनीतिक प्रताड़ना से पीछे हटने वाली नहीं है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल के आह्वान पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में एकत्र हुए भाजपा कार्यालय की ओर बढ़ रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए पुलिस ने भारी सुरक्षा व्यवस्था की थी। जगह-जगह बैरिकेडिंग की गई और बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को भाजपा कार्यालय तक पहुंचने से पहले ही रोक दिया। इस दौरान कुछ समय तक पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की और तीखी नोकझोंक भी हुई, हालांकि स्थिति नियंत्रण में रही। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारे लगाए और चेतावनी दी कि यदि विपक्ष के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई जारी रही तो प्रदेशभर में व्यापक जनआंदोलन चलाया जाएगा।



## बाल श्रम उन्मूलन के अंतर्गत अभियान चलाया
### दुकानों पर काम कर रहे दो किशोरों को मुक्त कराया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया के निर्देशन में बाल श्रम उन्मूलन अभियान के तहत जिला टास्क फोर्स समिति ने कोटद्वार नगर क्षेत्र में बाल श्रमिक खोज अभियान चलाया। अभियान के दौरान बद्रीनाथ मार्ग स्थित एक मिठाई की दुकान से 14 वर्ष से कम आयु के एक बालक को बाल श्रम से मुक्त कराया गया। नाबालिग से कार्य कराए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठान संचालक का चालान करते हुए भविष्य में बाल श्रम न कराने की कड़ी चेतावनी दी गयी। वहीं एक अन्य प्रतिष्ठान में भी लगभग 17 वर्षीय किशोर कार्य करता मिला, उसके संबंध में भी नियमानुसार कार्रवाई आरंभ कर दी गई है। संयुक्त दल ने बद्रीनाथ मार्ग, झंडा चौक, बस स्टेशन तथा तीलू रौतेली चौक क्षेत्र में विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान एक प्रतिष्ठान में 14 वर्ष से कम आयु का बालक कार्य करता मिला, जिसे तत्काल रेस्क्यू किया गया। बाल एवं किशोर श्रम नियम, 2017 के तहत आवश्यक कार्रवाई करते हुए बालक को उसके मामा की सुपुर्दगी में सौंपा गया। साथ ही परिजनों को निर्देशित किया गया कि बालक का किसी शिक्षण संस्थान में प्रवेश कराकर उसकी शिक्षा जारी रखी जाए, जिससे उसका समुचित विकास सुनिश्चित हो सके। अभियान के दौरान बद्रीनाथ मार्ग स्थित एक अन्य प्रतिष्ठान में लगभग 17 वर्षीय किशोर भी कार्य करता मिला। उसके संबंध में भी नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गयी है। जिला टास्क फोर्स समिति ने आमजन से अपील की है कि यदि कहीं भी किसी नाबालिग बच्चे से श्रम कराया जाता हुआ दिखाई दे तो इसकी सूचना तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर दें, ताकि बच्चे को सुरक्षित, शिक्षित एवं सम्मानजनक बचपन उपलब्ध कराया जा सके।

अभियान में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष राकेश चंद्र बिडालिया, श्रम प्रवर्तन अधिकारी मोहन बेलवाल, जिला बाल संरक्षण इकाई के ओम प्रकाश थपलियाल, चाइल्ड हेल्पलाइन से धर्मेंद्र तथा पुलिस विभाग से विद्या मेहता, सुमित चौधरी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे।

## प्रेमिका को गोली मारकर युवक ने आत्महत्या की

**देहरादून ( चिंगारी )।** विकासनगर के कल्याणपुर क्षेत्र में किराये के कमरे में हुए सनसनीखेज गोलीकांड से इलाके में हड़कंप मच गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, चकराता निवासी कमलेश ने कथित तौर पर उत्तरकाशी के मोरी थाना क्षेत्र के ग्राम भूटाणू निवासी संगीता को गोली मारने के बाद खुद को भी गोली मार ली। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाल राजीव रौथाण और चौकी प्रभारी अर्जुन गुसाईं पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। गोली लगने से कमलेश की मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल संगीता को लेहमन अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रैफर किया गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आ रहा है कि दोनों के बीच कथित रूप से अवैध संबंध थे। आपसी विवाद के चलते गोलीकांड की घटना होने की आशंका जताई जा रही है।

## राहुल गांधी के धरने के विरोध में भाजपा का प्रदर्शन, कांग्रेस भवन कूच को पुलिस ने रोका, टकराव टला

**देहरादून ( चिंगारी )।** नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के प्रधानमंत्री आवास के पास धरने पर बैठने और नारेबाजी के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने देहरादून में प्रदर्शन किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस भवन की ओर कूच करने का प्रयास किया, जिसे पुलिस ने कनक चौक पर बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया। पुलिस की सूझबूझ और समय रहते की गई बैरिकेडिंग के चलते भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच संभावित टकराव टल गया। भाजपा कार्यकर्ता कांग्रेस भवन की ओर बढ़ने का प्रयास कर रहे थे। इस दौरान पुलिस ने कनक चौक के पास बैरिकेडिंग कर उन्हें रोक दिया। पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच इस दौरान नोकझोंक और धक्का-मुक्की भी हुई। कुछ भाजपा कार्यकर्ता बैरिकेडिंग पर चढ़ गए और सड़क पर बैठकर धरना देने लगे। कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी और कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वहीं, भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन को देखते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता भी कांग्रेस भवन में एकजुट रहे। कांग्रेसियों ने भाजपा और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। दोनों पक्षों के कार्यकर्ताओं के आमने-सामने आने की स्थिति को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी। पुलिस ने दो स्थानों पर बैरिकेडिंग लगाकर दोनों पक्षों के कार्यकर्ताओं को अलग-अलग रोके रखा।

## रोटरी क्लब क्लासिक ने दी बालिका की वर्षभर की फीस

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** रोटरी ऋषिकेश क्लासिक की ओर से जनभावनाओं के अनुरूप उपयोगी कार्यक्रम लगातार जारी है, जिसमें जो गरीब बच्चे अपनी फीस भी नहीं दे पा रहे हैं, वे फीस के कारण शिक्षा से वंचित ना रह जाए, इस पर क्लब के तमाम सदस्य नज़र बनाए हुए हैं। इसी कड़ी में क्लब के अध्यक्ष संजय सकलानी ने बताया कि रोटरी ऋषिकेश क्लासिक की ओर से एक पांचवीं कक्षा की बालिका जो की वर्तमान में मॉर्डन स्कूल ऋषिकेश में अध्यनरत हैं जिसका हमारे पार्षद राजेंद्र सिंह बिष्ट की तरफ़ से एक साल की फीस के लिए आवेदन आया था बालिका के पिता नहीं हैं और घर की आर्थिक स्थिति बहुत ही ख़राब है, हमारे क्लब की तरफ़ से बालिका को एक वर्ष की फ़ीस दी गई ताकि बालिका अपनी शिक्षा को जारी रख सकें और उसे आगे भी हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। रोटरी क्लासिक ऋषिकेश के सचिव विजय रावत ने कहा क्लब समय-समय पर ग़रीब बच्चों की फ़ीस के रूप में मदद करता रहा है और आगे भी ये प्रयास चलता रहेगा। इस मौक़े पर क्लब के कोषाध्यक्ष हिमांशु गुप्ता, राकेश अग्रवाल, नगर निगम के पार्षद राजेंद्र सिंह बिष्ट आदि उपस्थित थे।

## शहरी विकास मंत्री ने सुनीं व्यापारियों की समस्याएं

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** उत्तराखंड सरकार में कैबिनेट मंत्री शहरी विकास राम सिंह खेड़ा युवा संवाद कार्यक्रम में ऋषिकेश पहुंचे। उन्होंने व्यापारियों की समस्याओं को सुना। व्यापारियों ने उन्हें बताया कि किस प्रकार से नगर निगम ऋषिकेश द्वारा दुकानों के किराए अनियमित रूप से बढ़ा दिए गए हैं जिस कारण व्यापारियों में काफी असंतोष फैला हुआ है। राम सिंह खेड़ा ने सभी व्यापारियों की समस्याओं को सुना और इस पर यथासंभव कार्यवाही करने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने कहा कि किराए में अनियमितता नहीं होनी चाहिए। इस विषय पर अधिकारियों से बातचीत की जाएगी और जो जायज किराया होगा वह लिया जाएगा। व्यापार मंडल के महामंत्री और भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री प्रतीक कालिया ने कहा कि राम सिंह खेड़ा शहरी विकास मंत्री को व्यापारियों की समस्याओं से अवगत कराया है। उन्होंने राम सिंह खेड़ा का धन्यवाद किया। इस दौरान ऋषिकेश भाजपा के जिलाध्यक्ष राजेंद्र तड़ियाल, युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री दीपेंद्र कोश्यारी, व्यापार प्रतिनिधिमंडल के अध्यक्ष ललित मोहन मिश्रा, पवन शर्मा, सुशील रस्तोगी, विमल ठाकुर नगर व्यापारी उपस्थित रहे।



रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

## कार बिकाऊ है

धामपुर में एक मारुति सुजुकी अर्टिगा (ERTIGA) कार 7 सीटर एवन कंडीशन में डीजल इंजन की मॉडल 2012 बिकाऊ है।
इच्छुक व्यक्ति तुरंत संपर्क करें
मो. 8077385 804, 9897630419


# घर में घुसकर युवक पर किया चाकू से जानलेवा हमला, हालत गंभीर

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम हर्षवाड़ा में रात्रि में अचानक धारदार हथियारों से तीन युवकों ने घर में घुसकर एक युवक पर जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजनों द्वारा घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। नजीबाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम हर्षवाड़ा निवासी मेहराज बुधवार की रात अपने घर पर मौजूद था, देर रात्रि अचानक तीन युवक धारदार हथियार लेकर जबरन घर में घुस आए और गाली गलौज करने लगे। जब मेहराज ने गाली देने से मना किया तो आरोपी युवकों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। इस घटना में मेहराज पेट में चाकू लगने से गंभीर रूप से घायल हो होने के बाद लहूलहान होकर नीचे गिर पड़ा। इस दौरान घायल युवक की मां ने शोर मचाया तो आसपास के लोग भी मौके पर इकट्ठा हो गए। लोगों को आता देख हमलावर मौके से फरार हो गए। तत्काल घायल को परिजन नगर के एक निजी अस्पताल में ले गए, जहां उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे समीपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। घटना के बाद पीड़िता सबीना पत्नी मकबूल निवासी हर्षवाड़ा ने थाने पहुंचकर पूरी घटना की जानकारी देते हुए शिकायती पत्र दिया, जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सूचना

पहले मेरा नाम Mahrunnisa था अब मैंने अपना नाम बदलकर Mehrunnisa रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम से जाना व पहचाना जाये। Mehrunnisa W/o Rais Ahmad, Mohalla Muneer Ganj, Najibabad, Bijnor- 246763


## महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज

मात्र 5 लाख रुपयों में 100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।
आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध
सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-
अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234

## आवश्यकता है

R.P.S. INTERNATIONAL SCHOOL
(C.B.S.E. Patteran An English Medium)
ग्राम फतेहपुर कलां, बिजनौर को कक्षा एक से कक्षा 8 तक सभी विषयों हेतु अध्यापक/अध्यापिकाओं की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति तुरंत सम्पर्क करें। वेतन योग्यतानुसार। स्टाफ के लिये आने व जाने की सुविधा।
मो. 8394838034, 8954568123, 9359888044

## DISTANCE AND ONLINE COURSES

➢MBA ➢MCA ➢M LIB
➢MA (JMC) ➢M.Sc
➢BBA ➢BCA ➢B LIB
➢BA (JMC) ➢B.Sc

ASIAN INSTITUTE OF HIGHER EDUCATION
MORADABAD ROAD NEAR ROOTS SCHOOL BIJNOR
PH. 9410600428, 9868264774

MILLENNIUM PUBLIC SCHOOL
NAJIBABAD ROAD, KOTWALI DEHAT DISTT. BIJNOR
URGENTLY REQUIRED
TGT (ALL SUBJECTS)
PRT (ALL SUBJECTS)
P.T.I. (B.P.Ed/M.P.Ed)
ENGLISH CONVERSATION
URDU & SANSKRIT
Fluency in English is essential Experienced candidate will be preferred
Email : mpskotwali@gmail.com Send Resume on the Given Number
Cont. No.: 9634289199

NEET के बाद
सही दिशा, सही मार्गदर्शन
सपना आपका, साथ हमारा!
देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
हमारे प्रमुख डेस्टिनेशन: कजाखस्तान, रूस, जॉर्जिया, किर्गिजस्तान, उज्बेकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल & More...
अंजुम कलीम (एम.डी.)
M.B.B.S.
15+ YEARS OF EXPERIENCE
BAMS, BUMS, BDS, BHMS
यूनिवर्सिटी सेलेक्शन | एडमिशन गाईडेंस | डॉक्युमेंटेशन सपोर्ट | वीजा प्रोसेसिंग | ट्रैवल सपोर्ट
सही मार्गदर्शन, उज्ज्वल भविष्य!
मोईन का चौराहा, चाहशीरी, बी-21, बिजनौर (उ.प्र.)
Call / WhatsApp 8384872313
Website www.mbbsbijnor.com
SCAN ME!
आपका सपना, हमारी ज़िम्मेदारी!

Gents Specialist
CLASSIC TAILORS 9927060150
Suit | Sherwani | Pant Shirt | Fancy Coat | Ladies Coat
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE | PUMA | SKECHERS | WOODLAND | RED CHIEF | Lee Cooper | campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor

Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ. FT सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर